

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची,शनिवार, 23 मई 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल 7 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 248 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ ग्रेट निकोबार : क्या राष्ट्रहित से ऊपर है कांग्रेस की राजनीति

सोनाक्षी ने बताया कैसे बदला उनका फिल्मी सफर ◂◂ 6


# खेत में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव हत्या की आशंका, फैली सनसनी



मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनी नगर :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के वैद्य बिगहा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे खाली पड़े खेत से शनिवार सुबह 35 से 40 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने तेज धारदार हथियार और ईंट से हमला कर हत्या करने के बाद शव को खेत में फेंक दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया।

पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने बताया कि चौकीदार के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के रास्तों और घटनास्थल के नजदीक लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। फिलहाल हत्या के कारणों और इसमें शामिल अज्ञात अपराधियों की पहचान को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की चेकडैम में डूबने से मौत



**गुमला:** जिले के कुलाबीरा पंचायत स्थित चेकडैम शुक्रवार की दोपहर उठे चक्रवाती पानी में 18 वर्षीय सन्नी कुमार सिंह समा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त सन्नी के छह दोस्त भी थे। लेकिन वे सन्नी को बचा नहीं सके। बताया जा रहा है कि छह दोस्त गर्मी से राहत पाने और मस्ती करने के लिए चेकडैम में नहाने पहुंचे थे।

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सन्नी अपने छह दोस्तों मनीष कुमार, करन गोस्वामी, विष्णु कुमार, कुशल प्रजापति, विक्रम साहू और एक अन्य के साथ कुलाबीरा पंचायत स्थित चेकडैम में नहाने पहुंचे थे। भीषण गर्मी के बीच सभी दोस्त हंसी-मजाक करते हुए पानी में छलांग लगा रहे थे। चेकडैम में उस समय पानी का बहाव काफी तेज था। ग्रामीणों ने चेकडैम को बांध रखा था और पानी निकासी के लिए बड़े-बड़े पाइप लगाए गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही सभी दोस्तों ने पानी में छलांग लगाई उसी दौरान सन्नी अचानक तेज चक्रवाती बहाव की चपेट में आ गया। देखते ही देखते वह पाइप की ओर खिंचता चला गया। दोस्तों ने उसे पकड़ने और बचाने की कोशिश की,लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि सन्नी कुछ ही सेकेंड में पाइप के भीतर समा गया। दोस्तों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि कुछ पल पहले हंसता-खेलता युवक अचानक मौत के मुंह में समा गया। ग्रामीण तुरंत चेकडैम के नीचे उतरे और पाइप के भीतर फंसे सन्नी को निकालने के लिए घंटों मशक्कत करते रहे। काफी प्रयास के बाद जब सन्नी को पाइप के अंदर से बाहर निकाला गया। तब तक बहुत देर हो चुकी थी उसकी मौत हो चुकी थी।

# सो रहे लोगों को तेज रफ्तार डंपर ने रौंदा, चार की मौत, एक घायल

संवाददाता




**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती , दो पुत्र तथा पुत्री आंशिक के साथ भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई।

आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में मासूम अंशिका व आशू ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। मां आरती अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। वहीं चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अभी ईरान पर हमला नहीं करेगा अमेरिका शांति वार्ता को और समय देना चाहते हैं ट्रंप

**वॉशिंगटन:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फैसला किया है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने कूटनीति को एक मौका देने के लिए, फिलहाल ईरान के खिलाफ हमले फिर से शुरू न करने का फैसला किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रंप ने शुक्रवार सुबह अमेरिका के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें ईरान को लेकर आगे के कदमों पर चर्चा हुई, लेकिन इस दौरान कोई औपचारिक फैसला नहीं लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह कूटनीतिक प्रक्रिया को काम करने के लिए और अधिक समय देना चाहते हैं।



## 10 दिन में तीन बार बढ़े तेल के दाम, पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर हुआ महंगा



**नई दिल्ली :** वैश्विक संकट के बीच देश में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इस बार पेट्रोल की कीमतें 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमतें 91 पैसे प्रति लीटर बढ़ाई हैं। पिछले 10 दिनों में कुल मिलाकर, कीमतों में लगभग 5 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हुआ है। शनिवार को हुई बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल का भाव 92.49 रुपए प्रति लीटर है।

दिल्ली के अलावा, नई बढ़ोतरी के बाद मुंबई में 108.49 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में 110.64 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई में 105.31 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल का भाव है। वहीं, मुंबई में डीजल का रेट 95.02 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में 96.98 रुपए प्रति लीटर और कोलकाता में 97.02 रुपए प्रति लीटर है।

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के बीच पिछले 10 दिन में ईंधन की दरों में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 15 मई को ही सरकारी तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण बढ़ी हुई ऊर्जा कीमतों का बोझ धीरे-धीरे ग्राहकों पर डालना शुरू किया था। 15 मई को कीमतों में प्रति लीटर 3 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद 19 मई को 80 पैसे से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल की कीमत 98.64 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 91.58 रुपए प्रति लीटर पहुंची थी।

## राहुल दुबे गैंग का गुर्गा हथियार सहित गिरफ्तार



**हजारीबाग:** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के बानादाग सेडिंग में लेवी लेने और दहशत फैलाने के लिए राहुल दुबे गैंग के एक गुर्गे को हजारीबाग पुलिस ने पिस्तौल और मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पेलावा थाना क्षेत्र के पगमील आजाद नगर निवासी जियाउल रहमान उर्फ मुजम्मिल है । वह लोहसिंघना थाना क्षेत्र के नगर निगम डंपिंग यार्ड के होते हुए बाना दाग कॉल साइडिंग जा रहा था ।

**एसआईटी टीम ने की छापामारी :** एसपी अमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर एसआईटी का गठन किया । गठित एसआईटी टीम ने छापेमारी कर जियाउल रहमान को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया । उसके पास से मैगजीन लगा एक पिस्टल, दो कारतूस, पांच खोखा और एक मोबाइल जब्त हुआ है ।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में गया है जेल:** बड़कागांव एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि पकड़े गए जियाउल रहमान का अपराधिक इतिहास रहा है । उसे 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पेलावाल ओपी पुलिस ने जेल भेजा था । इसके पूर्व 2024 में बड़ाबाजार टीओपी पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेजा था । एसडीपीओ ने बताया कि जेल से निकलने के बाद वह संगठित अपराध के राहुल दुबे गैंग में शामिल हो गया । जियाउल अब राहुल दुबे गैंग के लिए काम करने लगा । पुलिस की नजर में था आरोपी : एसडीपीओ ने कहा कि हजारीबाग पुलिस जियाउल पर नजर रख रही थी । इसी क्रम में एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिला कि नगर निगम डंपिंग यार्ड के पास रोतरा गांव में बानादग साइडिंग में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करने और लेवी वसूली करने जा रहा था । एसपी ने तत्काल एसआईटी टीम गठित किया गया. गठित टीम ने छापामारी कर जियाउल रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पहुंचे कोलकाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरे पर पहुंच चुके हैं। रुबियो का विमान सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर उतरा। एयरपोर्ट पर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने उनका स्वागत किया। रुबियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

सर्जियो गोर ने एक्स पर लिखा, मार्को रुबियो कोलकाता पहुंच चुके हैं। भारत की यह उनकी पहली यात्रा है। आज बाद में हम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। हम व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा, क्वाड और कई अन्य मुद्दों पर अगले कुछ दिनों में चर्चा करेंगे और प्रगति करेंगे! एक अन्य पोस्ट में सर्जियो गोर ने लिखा, मार्को रुबियो का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है! हमारे सामने एक महत्वाकांक्षी एजेंडा है, जिसमें क्वाड विदेश



मंत्रियों की बैठक भी शामिल है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के भारत-अमेरिका साझेदारी को और भी मजबूत बनाने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है। हम बेहतरीन बातचीत और साथ मिलकर वास्तविक प्रगति करने के लिए उत्सुक हैं। सर्जियो गोर ने बताया कि ट्रंप 2.0 के सबसे महत्वपूर्ण दौरों में से एक माने जा रहे इस भारत दौरे पर विदेश मंत्री मार्को रुबियो एक स्पष्ट संदेश लेकर आए हैं। 21वीं सदी में अमेरिका की सफलता के लिए भारत अपरिहार्य बना हुआ है। रणनीतिक साझेदारियों की असली परीक्षा यह है कि दोनों पक्ष मतभेदों को कैसे सुलझाते हैं और साझा आधार को कैसे बढ़ाते हैं। व्यापार, प्रौद्योगिकी, एआई और आपूर्ति शृंखलाओं से लेकर रक्षा और ऊर्जा तक, वाशिंगटन और नई दिल्ली को अलग-अलग रहने की तुलना में साथ मिलकर कहीं अधिक लाभ होगा।

गौरतलब है कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो चार दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय ने रुबियो के चार दिवसीय भारत दौरे का कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार, मार्को रुबियो शनिवार को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर दिल्ली पहुंचेंगे। दोपहर 2 बजे उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी। रविवार, 24 मई को सुबह 11:30 बजे वह विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसी दिन शाम 6 बजकर 20 मिनट पर वह अमेरिकी दूतावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगे।

अगले दिन, सोमवार 25 मई को सुबह 9 बजे वह आगरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अपने दौरे के आखिरी दिन मंगलवार, 26 मई को सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर अमेरिकी विदेश मंत्री नई दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे फैमिली फोटो कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिर सुबह 9 बजे हैदराबाद हाउस में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर प्रेस स्टेटमेंट जारी किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे मार्को रुबियो अमेरिका के लिए रवाना हो जाएंगे।




## टंडवा में कोल वाहन का आतंक, मिश्रौल में घर और किराना स्टोर में घुसा बेकाबू हाइवा, गुस्साए ग्रामीणों ने रोका परिचालन

**चतरा:** टंडवा-सिमरिया मुख्य मार्ग पर बेलगाम कोयला वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज अहले सुबह लगभग चार बजे चट्टी बारियातु से कोयला लादकर जा रहे एक तेज रफ्तार हाइवा ने टंडवा थाना क्षेत्र के मिश्रौल में सड़क किनारे स्थित एक आवासीय मकान और किराना स्टोर में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में प्रदीप तिवारी के मकान का स्टोर रूम ध्वस्त हो गया और लाखों का सामान बर्बाद हो गया। हादसे की चपेट में आने से नारायण साव की बाउंड्री और बाथरूम भी क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घर में सो रहे लोग बाल-बाल बच गए। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर कोल वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप करा दिया है। टंडवा थाना प्रभारी पप्पू शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, हाइवा को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बकरीद पर्व को लेकर खूंटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**खूंटी :** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को खूंटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने की। बैठक में शांति समिति के सदस्य, विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ दीपेश कुमारी ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का पर्व है। सभी लोगों को मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों एवं आपत्तिजनक पोस्ट से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले में सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

बैठक में मौजूद खूंटी थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। शांति समिति के सदस्यों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया तथा जिले में भाईचारा एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने की बात कही। बैठक में खूंटी नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी,खूंटी सिविल सर्जन ललित रंजन पाठक, अंचल अधिकारी बिमल कुमार, विद्युत पदाधिकारी शैलेश कुमार गंझू, ज्योतिष भगत, अंजुमन इस्लामिया खूंटी के सदर जैद रैन, सचिव अमान अंसारी, , युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आमिर हुसैन, खालिद हुसैन, गणपत चौधरी, नन्द किशोर, दिनेश कुमार महतो, विनय कुमार, जितेंद्र कच्छप, अनूप साहू, मुहम्मद अजहर, जामा मस्जिद सचिव खूंटी, नीलकमल महतो, मुहम्मद शहजाद, मुहम्मद सुहैल, राजेश्वर गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल के बाथरूम में नाबालिग ने बच्ची को दिया जन्म, नवजात को छोड़कर भागने की कोशिश



**गिरिडीह:** सदर अस्पताल में शुक्रवार की शाम को एक अजीबोगरीब घटना घटित हुई। एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने सदर अस्पताल के बाथरूम में बच्चे को जन्म दिया। जन्म के बाद, उसने बच्चे को बाथरूम में छोड़कर अपने परिजनों के साथ अस्पताल से भागने की कोशिश की। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक गर्भवती नाबालिग छात्रा अपने स्वजन के साथ सदर अस्पताल पहुंची और बाथरूम में चली गई जहां उसने एक स्वस्थ नवजात बच्ची को जन्म दिया।

बच्ची को जन्म देने के बाद रक्तस्त्राव हो रहा था लेकिन नाबालिग उसी स्थिति में सदर अस्पताल के शौचालय में नवजात को छोड़कर भागने की असफल कोशिश करने लगी।इसी बीच रक्तस्त्राव होता देख स्वास्थ्य कर्मियों की नजर पड़ी तो उसे रोका गया और पूछताछ की गई। इसके बाद शौचालय से नवजात को बरामद करते हुए पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात समेत नवजात को जन्म देने वाली नाबालिक को समुचित चिकित्सीय सुविधा प्रदान कराने को लेकर एंबुलेंस से चैताडीह स्थित मातृत्व शिशु अस्पताल पहुंचाई जहां नवजात को एसएनसीयू में गहन चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है जबकि नाबालिग प्रसूता को भर्ती कर उसे चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा रही है।

कानून के मुताबिक मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई कर सकती है। इस घटना के बाद सदर अस्पताल में दिन भर चर्चा का माहौल रहा। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों के बीच कई सवाल उठ रहे हैं. पुलिस और प्रशासन अब पूरे मामले की तह तक जाने में जुट गया है।

## रजरप्पा छिलका पुल किनारे से हटाए गए दुकानदारों ने पुनर्वास की मांग उठाई

**रामगढ़:** जिले के रजरप्पा छिलका पुल के किनारे हटाए गए दुकानदारों ने पुनर्वास की मांग को लेकर उपायुक्त रामगढ़ के जनता दरबार में ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में आवेदन संख्या सीएमपी000416 के तहत मामला दर्ज कराया गया है, जिसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ को भी दी गई है। बिना नोटिस दुकान तोड़ने का आरोपः दुकानदारों का कहना है कि मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा क्षेत्र में चल रहे सौंदर्यकरण कार्य के दौरान कुछ दुकानदारों को बिना पूर्व नोटिस दिए ही छिलका पुल के किनारे स्थित दुकानों को हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नोटिस मिलने के बावजूद कई दुकानों पर बिना सूचना कार्रवाई की गई।

वैकल्पिक व्यवस्था की मांगः दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्षों से व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि वे कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हैं, लेकिन पुनर्वास जरूरी है। पहले भी हुई थी बैठकः दुकानदारों ने बताया कि 6 मई 2026 को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ के साथ बैठक में इस मुद्दे को उठाया गया था। उस दौरान मौखिक रूप से आवेदन देने को कहा गया, जिसका पालन करते हुए दुकानदारों ने आवेदन भी जमा किया, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आर्थिक संकट की स्थितिः दुकानदारों ने कहा कि दुकान हटाए जाने के बाद उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है और वे आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

संवाददाता



**चतरा:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (रक्फ़) को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारतीय नागरिक, जो निर्धारित अर्हता तिथि तक पात्रता रखते हों, उन्हें ही मतदाता सूची में शामिल किया जाना है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध एवं अद्यतन बनाना, डुप्लिकेट नामों को हटाना, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का विलोपन करना तथा नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ना है। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण एवं पलायन के कारण मतदाता सूची में एक ही व्यक्ति के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए प्रत्येक मतदाता का सत्यापन आवश्यक है।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान वृद्ध, दिव्यांग, बीमार, गरीब एवं अन्य कमजोर वर्ग के मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। ऐसे मतदाताओं को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने एवं आवश्यकता पड़ने पर स्वयंसेवकों की सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 20 जून 2026 से 29 जून 2026 तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य किया जाएगा। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया जाएगा। 29 जुलाई 2026 को मतदान केंद्रों का विखंडीकरण किया जाएगा। 5 अगस्त 2026 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होगा तथा 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। वहीं 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 तक दावा-आपत्तियों का निष्पादन एवं सूचना चरण संचालित होगा। अंतिम रूप से 7 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 1 अक्टूबर 2026 तक अर्हता रखने वाले सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं विभागीय निदेशानुसार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों – 26-सिमरिया (अ०जा०) एवं 27-चतरा (अ०जा०) – अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं विखंडन का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। आवश्यकतानुसार मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है, जिस पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहमति प्रदान की गई है।युक्तिकरण के उपरांत जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 894 से बढ़कर 1014 हो गई है। इस प्रकार जिले में कुल 120 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं। साथ ही जिले में कुल 1014 बीएलओ की प्रतिनियुक्ति की गई है। 26-सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 419 से बढ़कर 464 हो गई है, जबकि 27-चतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 475 से बढ़कर 550 हो गई है।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 8,03,503 है, जिसमें 4,07,835 पुरुष, 3,95,667 महिला एवं 1 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में सुविधा होगी तथा निर्वाचन प्रक्रिया और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनेगी।बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय स्थापित हो सके एवं सत्यापन कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।बैठक में बीएलए की भूमिका एवं दायित्वों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि बीएलए मतदाता सूची की जांच, गलत प्रविष्टियों की सूचना देने, दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने, अयोग्य नामों को हटाने एवं नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने में सहयोग करेंगे। साथ ही बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्रीय जानकारी साझा करेंगे तथा मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।जिला प्रशासन द्वारा सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे अयोग्य नामों की सूचना दें, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी उपलब्ध कराएं, नए पात्र मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें तथा निर्वाचन कार्य में बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी-सह-सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लंबित मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन

**◂ 20 मामलों में कुल 20.24 लाख रुपये का अर्थदंड ◂ उपायुक्त की मॉनिटरिंग में हुई बड़ी कार्रवाई**

संवाददाता

**चतरा:** उपायुक्त रवि आनंद के निर्देश एवं सतत मॉनिटरिंग के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन में जिला प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। अपर समाहर्ता अरविंद कुमार की न्यायालय द्वारा जिले में लंबित सभी मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन करते हुए कुल 20 मामलों में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं कारोबारियों पर कुल 20 लाख 24 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसके साथ ही वर्तमान में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित जिले में कोई भी मामला लंबित नहीं रह गया है।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई कार्रवाई में विभिन्न मामलों में 5 हजार रुपये से लेकर 4 लाख 90 हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के उल्लंघन, लेबलिंग में अनियमितता एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन नहीं करने से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया।उपायुक्त रवि आनंद ने स्पष्ट कहा है कि आमजनों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने, खाद्य प्रतिष्ठानों की सतत निगरानी रखने तथा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया है।

वहीं अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने कहा कि न्यायालय स्तर पर मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए सभी लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा तथा नियमों के उल्लंघन के मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी।

# 20 जून से घर-घर पहुंचेगी चुनाव आयोग की टीम झारखंड में हर वोटर का होगा बड़ा सत्यापन

**रांची:** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू होने जा रही है। इस प्रक्रिया को लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जानकारी दी कि आम जनता के लिए दो महत्वपूर्ण तारीखें जानना जरूरी हैं। एन्यूमरेशन की प्रक्रिया 20 जून से 29 जुलाई तक चलेगी, जिसके दौरान मतदाताओं के नाम का सत्यापन किया जाएगा और उन्हें एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे भरकर हस्ताक्षर के साथ जमा करना होगा।

**व्यापक स्तर पर की गई तैयारी:** उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड में इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक तैयारी की है। इसमें सीईओ कार्यालय, 5 डिविजनल कमिश्नर, 44 डीईओ, 81 ईआरओ, करीब 32 हजार बीएलओ और लगभग 4 हजार




बीएलओ सुपरवाइजर सहित करीब 50 हजार कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

**सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंचेगी टीमः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि टीम राज्य के हर कोने और सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंचेगी। प्रत्येक बीएलओ को लगभग 1200 मतदाताओं के सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई है।

**बाधा डालने वालों पर होगी कार्रवाई:** उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ को सभी आवश्यक सुविधाएं निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यदि उनके कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न की जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कोयलांचल में नक्सलियों को बड़ा झटका

# लेवी व आगजनी मामले में जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता



**चतरा:** जिले में उग्रवादी गतिविधियों और लेवी वसूली के खिलाफ कोयलांचल ईलाके में चलाए जा रहे अभियान के तहत चतरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टंडवा थाना क्षेत्र में कोल कंपनियों और उससे जुड़े लोगों से लेवी मांगने, धमकी देने और आगजनी की घटना में शामिल नक्सली संगठन जेजेएमपी के एक सक्रिय सदस्य रविंद्र सिंह उर्फ रविंद्र सिंह खरवार(28 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार सिंह ने बताया कि टंडवा थाना क्षेत्र के आम्रपाली परियोजना में माइनिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग कार्य कर रही एनसीसी लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों को झारखंड जन मुक्ति परिषद और प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम पर लेवी के लिए धमकी भरे फोन किए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान बीते 24 जनवरी 2026 की रात को कोल उत्खनन कार्य में लगी एनसीसी कंपनी की एक वोल्वो ट्रक को पांच अज्ञात अपराधियों ने रोककर ट्रक के चालक और सुपरवाइजर के साथ मारपीट करते हुए वाहन के अगले हिस्से में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। उन्होंने बताया की घटना स्थल पर जेजेएमपी संगठन के शिव जी के नाम से पर्चा भी छोड़ा गया था और फोन के माध्यम से लेवी मांगी गई थी। साथ ही लेवी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि कांड में शामिल जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य रविंद्र सिंह उर्फ रविंद्र सिंह खरवार अपने घर आया हुआ है। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर विशेष छापेमारी टीम का गठन कर लोहरदगा जिले के पहाड़ गीर, थाना जोबांग से आरोपी रविंद्र सिंह उर्फ रविंद्र सिंह खरवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने मुख्य धारा से भटके अपराधी और उग्रवादियों से मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की।

## बालू लदे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार को लिया चपेट में महिला की मौत,पति और पुत्री घायल



संवाददाता

**चतरा:** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र में एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने शुक्रवार की अहले सुबह मोटरसाइकिल सवार परिवार को रौंद दिया। इस हादसे में महिला खुशबू देवी(26 वर्ष ) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके पति दिलीप रविदास और दो साल की पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल चतरा में किया जा रहा है।हादसे के बाद मृतक महिला के परिजन और ग्रामीण मुआवजे तथा आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चतरा-इटखोरी मुख्य सड़क पर शव के साथ धरने पर बैठ गए। पुलिस से मिली जानकारी के थाना क्षेत्र के मुताबिक बारिसाखी (मायाडीह) गांव निवासी दिलीप रविदास अपनी पत्नी खुशबू देवी और बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल बरही से घर लौट रहे थे। ब्रह्मपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास यह हादसा हुआ। गिद्धौर के थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया ट्रैक्टर को बरामद कर लिया गया है। वहीं आपदा राहत कोष के तहत 1 लाख रु और अंचल प्रशासन की ओर से 25 हजार रु देने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है।

## नवनियुक्त थाना प्रभारी से दुर्गावाहिनी ने की मुलाकात



प्रवेश चौहान

**खलारी:** खलारी प्रखंड दुर्गावाहिनी संयोजिका सुनीता महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को संगठन की बहनों ने नवनियुक्त खलारी थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की । इस अवसर पर प्रखंड संयोजिका सुनीता महतो ने थाना प्रभारी महोदय को शक्तिरूपा माँ दुर्गा का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया और क्षेत्र में शांति, महिला सुरक्षा एवं बेहतर कानून-व्यवस्था की बात की।

सुनीता महतो ने कहा कि माँ दुर्गा शक्ति, साहस और न्याय की प्रतीक हैं। हम आशा करते हैं कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में खलारी में महिलाएं और अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण होगा। दुर्गावाहिनी प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सामाजिक जागरूकता हेतु सदैव तत्पर रहेगी थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा ने दुगार्वाहिनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा एवं जनसहयोग से अपराध मुक्त समाज उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने संगठन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया मोके पर बजरंगदल रांची जिला ग्रामीण संयोजक बिनोद विश्वकर्मा, चुरी पूर्वी पंचयात संयोजिका संगीता देवी, चुरी उत्तरी पंचायत संयोजिका नीरा देवी, बुकबुका पंचायत संयोजिका ममता देवी, खलारी पंचयात संयोजिका, मौसमी देवी, सालो देवी, प्रखंड सम्पर्क प्रमुख दीपक कुमार तुरी,दुर्गावाहिनी खलारी की अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें उपस्थित थी।

भीषण गर्मी की चपेट में झारखंड

# झुलस रही रांची, अगले 3 दिन में 42 डिग्री पहुंचेगा पारा



**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची समेत पूरा झारखंड भीषण गर्मी की चपेट में है। रांची में तेज धूप, उमस और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और बाजारों में सामान्य दिनों के मुकाबले सन्नाटा है। रात में हो रही बिजली कटौती ने आम लोगों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। भीषण गर्मी की वजह से जमशेदपुर में बीते 24 घंटे में महिला समेत दो की मौत हो चुकी है। पलामू के छतरपुर में लू लगने से दो अधेड़ों की मौत हुई है।

शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में राजधानी का तापमान और बढ़ सकता है। 23 मई को तापमान 40 डिग्री, 24 मई को 41 डिग्री और 25 मई को 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। इधर, राज्य में डालटनगंज सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को गढ़वा, पलामू और चतरा में हीटवेव चलने की संभावना जताई है। बोकारो का अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री, जमशेदपुर का 38.6 डिग्री और चाईबासा का 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**17 मई तक कैसा रहेगा मौसम**

**23 मई:** गढ़वा, पलामू और चतरा जिले में कहीं-कहीं हीटवेव चलेगी।

**24 से 26 मई:** गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो सहित गढ़वा, पलामू और चतरा में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**27 मई:** रांची, गढ़वा, पलामू व चतरा में लू चलने की संभावना है। हवा की रफ्तार 40-50 किमी होगी।

यू- डायस कोड और विद्यालय मान्यता को लेकर निजी स्कूल संचालकों की बैठक

# सरकार से बीच का रास्ता निकालने की मांग

**मेट्रो रेज**





**रांची:** झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन (जेपस्वा) रांची की एक आवश्यक बैठक शनिवार को खेलगांव स्थित न्यू नगर के फर्स्ट स्टेप प्ले स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में राज्य के निजी विद्यालयों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा बिना यू-डायस कोड वाले विद्यालयों से ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए कहा जा रहा है, जबकि कई विद्यालयों के पास अभी तक आवश्यक दस्तावेज और कागजात पूरे नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कई विद्यालय किराये की जमीन पर संचालित हो रहे हैं और जमीन मालिक 30 वर्षों की लीज देने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ऐसी परिस्थिति में सरकार को निजी विद्यालयों के हित में कोई मध्य मार्ग निकालना चाहिए।

संगठन के महासचिव मुजाहिदुल इस्लाम ने कहा कि जिन विद्यालयों के पास यू-डायस कोड है, उन्हें भी स्टे हटने के बाद परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों से जल्द मुलाकात की जानी चाहिए।

कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो ने कहा कि रांची के उपायुक्त से मिलकर विद्यालयों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना आवश्यक है। वहीं संगठन सचिव रणधीर कुमार कौशिक ने सुझाव दिया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान एक प्रतिनिधिमंडल बनाकर सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की जाए।

बैठक में उपाध्यक्ष अमीन अंसारी ने कहा कि निजी विद्यालय संचालकों को आंदोलन के लिए भी तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि पहले प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से मुलाकात करेगा, इसके बाद मानव श्रृंखला बनाई जाएगी तथा आगे चलकर मोराबादी मैदान में राज्यस्तरीय महासभा आयोजित की जाएगी।

बैठक में कमल सिंह, डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, सच्चिदानंद कुमार, विजय कुमार, विकास कुमार, बाबूराम महतो, अली हसन अंसारी, विनोद टोप्पो, इकरामुल अंसारी, सुभाष कुमार, नीलम देवी, हेमंत तिवारी, अजय किशोर, सुभोजित अधिकारी, शम्स तबरेज आलम, मजीद आलम, जीशान अख्तर, साबिर हुसैन, संजय कुमार, अविनाश सिंह एवं सत्येन्द्र कुमार दुबे सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय संचालक मुकेश कुमार सिंह ने किया।

# शांति और सौहार्द्र से मनायें बकरीद : डीएसपी



**संवाददाता**

**खलारी:** थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी ने की। डीएसपी ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह से बचें। सोशल मीडिया की फेक सूचना से बचें। कुबार्नी के बाद अपशिष्टों का सही तरीके से निस्तारण करें। संभव हो तो उसे जमीन में गाड़ दें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को देर रात में मोबाइल नहीं देने की अपील की। वहीं आम लोगों से कुछ भी गैरकानूनी बात कहीं दिखे तो गुप्त तरीके से पुलिस को सूचित करने की अपील की। सूचना देनेवाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। वहीं थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रामकुमार वर्मा ने कहा कि वैसा कोई आचरण नहीं करें, जो दूसरों को अच्छा नहीं लगता हो। कहा कि हम सबों को अपने शहर खलारी में शांति और भाईचारे की चिंता करनी चाहिए। दूसरे शहर की अशांति का असर अपने शहर में नहीं पड़ने दें। बकरीद का त्योहार शांति और सौहार्द्र से मनायें। जिप सदस्य सरस्वती देवी ने महिलाओं को अपनी जवाबदेही का स्मरण कराया। मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने कहा कि कानून व्यवस्था पुलिस की ड्यूटी है न कि मुखिया की। समिति के अन्य सदस्यों ने क्षेत्र के कई मुद्दों, असामाजिक तत्वों का सार्वजनिक जगहों पर जमावड़ा, अनुज्ञप्ति प्राप्त शराब दुकानों की स्थिति आदि पर चर्चा की। बैठक में पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ इरशाद, सीओ के प्रतिनिधि असीत कुमार शाहदेव, पंसस किरण देवी, बशीर, श्यामसुन्दर सिंह, इंदिरा देवी, श्यामजी महतो, अनिल गंझू, तनवीर आलम, विकास दुबे, फयाजुद्दीन सिद्दिकी, इम्तियाज अंसारी, इस्माइल अंसारी, कार्तिक पांडेय, विक्की सिंह, दिलीप पासवान, मुन्ना देवी, दीपशिखा देवी, ममता केशरी, सरिता सिंह, जयंती देवी, शिवनाथ मुंडा, शिवप्रसाद चौहान, सरोजिनी देवी, नीलू देवी, बेबी देवी, कमलेश महतो आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## श्री शिव हनुमान मंदिर का चौथा वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**रांची:** रातु प्रखंड अंतर्गत नयाटोली सिमलिया में श्री शिव हनुमान मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान में श्री शिव हनुमान मंदिर का चौथा वार्षिक महोत्सव बड़े हीं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पुनीत अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हमलोग नया टोली सिमलियावासी श्री शिव हनुमान मंदिर का चतुर्थ वार्षिक महोत्सव मना रहे हैं। इस पुनीत अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाला गया, तथा मंदिर को फूलों एवं बिजली की लड़ियों से बड़े हीं आकर्षक ढंग से सजाया गया। तत्पश्चात बाबा भोलेनाथ शिवलिंग का श्रृंगार से सजाकर पूजा अर्चना की गई। इस उत्सव के मौके पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया। जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उक्त भजन को सुनकर भक्तगण भक्ति में झूम उठे। भंडारे का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पूरी सब्जी और खीर प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। जिसे हजारों महिला पुरुष एवं बच्चे प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। जिसे देख बच्चों के अभिभावक काफी आनंदित हुए, और उन्होंने इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष हो, इसकी इच्छा जताई। वहीं भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन से बच्चों मे आत्मविश्वास बढ़ता है, और बच्चों के प्रतिभा सामने निकल कर आती है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर भूमि दाता विजय प्रसाद, संस्थापक विजय प्रसाद, अध्यक्ष विक्की वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, संरक्षक कमल सिंह, संजय सिंह, अशोक कुमार, उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, उप संरक्षक संचित शर्मा, महासचिव राहुल कुमार, सचिव विनोद कुमार, त्रिलोकी नाथ, सदस्य कर्मेंद्र शर्मा, संतोष कुमार, रवि वर्मा, संतोष, पप्पू शर्मा, अमित कुमार, अरुण शर्मा, अवध किशोर, संतोष चौधरी, छोटू बाबू, अविनाश कुमार कुंदन कुमार व अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

# उपायुक्त से मिला किसानों का प्रतिनिमंडल



**चान्हो:** झारखंड मिल्क फेडरेशन के किसान प्रतिनिधियों ने डीजल की समस्या को लेकर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बल्क मिल्क सेंटर (बीएमसी) के संचालन के लिए डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को बताया कि स्थानीय पेट्रोल पंपों से पूर्व की तरह बीएमसी संचालकों को डीजल नहीं दिया जा रहा है। जिससे डीजल की कमी के कारण बीएमसी संचालन में काफी परेशानी हो रही है। गांवों में दुग्ध संग्रहण कार्य प्रभावित हो रहा है। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित विभाग को जल्द से जल्द समस्या बीएमसी संचालकों की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त की ओर से प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त कराया गया कि दो दिनों के भीतर बीएमसी संचालकों की समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में सुजीत शाही, जावेद अंसारी, भानू महतो, लच्छू उरांव, इरशाद अंसारी, विनोद सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर निजी अस्पतालों के मनमानी को लेकर चिंता जताई । श्री सिंह ने कहा कि रांची के रिम्स अस्पताल का स्थिति इतना अधिक खराब है कि वहां जाने के बाद आंख से आंसू आने लगता है और उन्होंने कहा कि रिम्स के अगल-बगल दवा दुकानदारों ने पचासी परसेंट का बोर्ड लगाकर कम पढ़े लिखे मरीजों को मूर्ख बनाते हैं और रिम्स में मरीजों के लिए वेड नहीं रहता है पचासी परसेंट से अधिक दवाईयां खत्म रहती है और कहा कि पूरे देश में दवा दुकानदारों के डुप्लीकेट दवा और प्रिंट रेट पर दवा बेचने पर पाबंदी लगाएं और सभी बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों में सरकार अपना दावा दुकान खोलें और सही दवा कम रेट पर दें और कहा कि देश भर के प्राइवेट अस्पताल गरीबों को बहुत परेशान करते हैं दो-चार दिन ही भर्ती होने पर मनमानी बिल बनाते हैं और मरीज के भर्ती होते ही एडवांस पैसा का मांग करते हैं और मरीज को मृत्यु के बाद टोटल पैसा लेकर ही डेड बॉडी देते हैं।


झारखण्ड सरकार

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**

दूरभाष-06524-223092, (मो0)9431706376,
E-mail Id- sp-gumla@jhpolice.gov.in

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



लापता के समय उम्र- 13, वर्तमान उम्र- 32 वर्ष, उचाई-करीब 5 फीट, 3 इंच। रंग-साँवला, बाल एवं आँख-काला, गठन-सामान्य, पहनावा-लाल रंग की कुर्ती-पजामा पहनी हुई है।

उपरोक्त पीड़िता वर्ष 2007 से लापता हैं। पीड़िता की बरामदगी हेतु पीड़िता ललिता कुसमा (लापता के समय उम्र- 13 वर्ष, वर्तमान उम्र- करीब 32 वर्ष), पिता-स्व0 जयपाल कुसमा, पता-कांजो, पंचायत-सोदे, थाना-रनिया, जिला-खूँटी, वर्तमान पता- सनरकनी, थाना+जिला-सुन्दरगढ़, राज्य-उडीसा

जिसके संबंध में कामडारा थाना काण्ड सं0- 56/24, दि0- 13.11.2024, धारा- 370(2)/370 (5)/371/374 भा0द0वि0दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही हैं। उपरोक्त सूचना का सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें। Email ID (sp-gumla@jhpolice.gov.in)

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बसिया – 9471182118
4. थाना प्रभारी, कामडारा – 9431705218

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

PR 380553 Police Wireless Headquarter (26-27)_D

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 | DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108


एसएसी जीडी परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा

# 6 से 10 लाख में पास कराने का सौदा, सेंटर से चल रहा था रिमोट हैकिंग रैकेट

## गिरफ्तार आरोपियों में परीक्षार्थी, इनविजिलेटर, केंद्राधीक्षक और आईटी कर्मी शामिल

**संवाददाता**



**रांची:** राजधानी रांची में एसएससी परीक्षा के नाम पर चल रहे एक बड़े हाईटेक फजीवाड़े का पुलिस ने पदार्फाश किया है। ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के भीतर सिस्टम हैकिंग, स्क्रीन मिररिंग और रिमोट एक्सेस के जरिए अभ्यर्थियों को पास कराने का संगठित खेल चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में परीक्षार्थी, इनविजिलेटर, केंद्राधीक्षक और आईटी कर्मी शामिल हैं। यह मामला टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र स्थित जीनियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित एसएससी (जीडी/कॉन्स्टेबल) सीएपीएफ परीक्षा-2026 से जुड़ा है। पुलिस सूत्रों से जानकारी के अनुसार 21 मई की सुबह करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि परीक्षा केंद्र के कंप्यूटर सिस्टम को हैक करने की कोशिश की जा रही है। सूचना मिलते ही रांची पुलिस सक्रिय हुई और एसएसपी के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर परीक्षा केंद्र में छापेमारी की गई। जांच के दौरान पुलिस की नजर लैब-1 में बैठे एक परीक्षार्थी पर गई। पता चला कि परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले उसके कंप्यूटर सिस्टम को दोबारा री-स्टार्ट कराया गया था, जो परीक्षा नियमों के खिलाफ था।

**सिस्टम को किया जा रहा था रिमोटली एक्सेस:** तकनीकी जांच में सामने आया कि सिस्टम को रिमोटली एक्सेस किया जा रहा था। इससे स्क्रीन मिररिंग और सिस्टम हैकिंग की आशंका स्पष्ट हो गई। पकड़े गए अभ्यर्थी मृत्युंजय कुमार यादव और इनविजिलेटर संजीत कुमार से पूछताछ में पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। दोनों ने बताया कि परीक्षा केंद्र के सामने सड़क पार एक किराए के मकान में पूरा सेटअप तैयार किया गया था। वहां केंद्राधीक्षक विकाश कुमार और आईटी कर्मी मुन्ना राज मौजूद रहते थे। वहीं से इंटरनेट और कंप्यूटर सिस्टम के जरिए परीक्षा केंद्र के कंप्यूटरों को हैक कर प्रश्न हल कराए जाते थे।

**बिहार के बिचौलिये ने 6 लाख में कराई थी सेटिंग :** पुलिस ने तुरंत उस ठिकाने पर छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि यह एक संगठित गिरोह है, जो अभ्यर्थियों से परीक्षा पास कराने के नाम पर 6 लाख से 10 लाख रुपए तक वसूलता था। गिरोह का नेटवर्क बिहार के बिचौलियों के जरिए संचालित किया जा रहा था। अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी गिरोह अपने कब्जे में रखता था, ताकि सौदा सुरक्षित रहे। गिरफ्तार परीक्षार्थी ने पुलिस को बताया कि बिहार के एक बिचौलिये ने 6 लाख रुपए में उसकी सेटिंग कराई थी।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज बरामद किए हैं। इनमें कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, ब्रॉडबैंड डिवाइस, मोबाइल फोन, बैंक चेक, एडमिट कार्ड और मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र शामिल हैं। फिलहाल टाटीसिलवे थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112(2) तथा द पब्लिक एग्जामिनेशन (पीरिवेनशन) एक्ट, 2024 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0-II, राँची।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 01/2026-27**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0-II, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- दिनांक 26.05.2026 से 30.05.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक 01.06.2026 के अपराह्न 03.00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक 01.06.2026, 03.30 बजे अपराह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0-II, राँची। (2) जिला योजना पदाधिकारी, विकास भवन, राँची।
6. निविदा का मद :- जिला योजना अनाबद्ध निधि मद।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Remaining work of Anganwadi Center, Hatma, Ranchi | 8,70,100=00 | 17,500=00 | 2,500=00 | 3 Months |

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0- II, राँची।

PR 380507 NREP(26-27)D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## डॉ. हेडगेवार और गुरुजी : राष्ट्र-निर्माण एवं हिंदू संगठन का वैचारिक आधार

भारत का राष्ट्र-चेतना-विमर्श केवल राजनीतिक संघर्ष की कहानी नहीं; यह समाज की आत्मा, संस्कृति और संगठन को पुनर्जीवित करने की एक सदी-लंबी प्रक्रिया है। इस पुनर्जागरण के दो अनिवार्य स्तंभ डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार और गुरुजी माधवराव गोलवलकर ने इस प्रक्रिया को वैचारिक गहराई, संगठनात्मक दिशा और दीर्घकालिक दृष्टि प्रदान की। दोनों की राष्ट्र दृष्टि का मूल केंद्र था एक संगठित, संस्कारित और आत्मसम्मान सम्पन्न समाज का निर्माण, जो विश्व-मानवता के लिए भी एक नैतिक विकल्प प्रस्तुत कर सके। डॉ. हेडगेवार का राजनीतिक प्रवास कांग्रेस से आरम्भ हुआ। 1916झ्र1920 के बीच वे कांग्रेस की विभिन्न समितियों व प्रस्ताव-विचार प्रक्रियाओं में सक्रिय रहे। नागपुर कांग्रेस (1920) में पूर्ण स्वराज्य को कांग्रेस का आधिकारिक लक्ष्य बनाने का उनका प्रयास उस समय के नेतृत्व को अत्यधिक ह्यराष्ट्रवादीह्ल प्रतीत हुआ। यही वह ऐतिहासिक क्षण था, जब हेडगेवार को यह स्पष्ट हुआ कि भारत की स्वतंत्रता केवल राजनीतिक लक्ष्य नहीं; यह एक राष्ट्रीय पुनर्जागरण है, जिसके लिए समाज का जागरण और संगठन अनिवार्य है। वे स्पष्ट कहते थे, ह्लजब समाज असंगठित होता है, तभी बाह्य सत्ता उसे गुलाम बना पाती है।ह्व यह दृष्टि बाद में संघ-स्थापना का केंद्र-बिंदु बनी, जिसमें स्व-आधारित राष्ट्रीय तंत्र स्व-शिक्षा, स्व-भाषा, स्व-धर्म और स्वावलंबी अर्थनीति को स्वराज्य का वास्तविक आधार माना गया। हेडगेवार की वैश्विक चिंता केवल भारत-सीमित नहीं थी। वे यूरोपीय पूंजीवाद को मानवता के लिए संकट बताते हुए कहते थे कि यह मनुष्य को व्यक्तित्व नहीं, उपकरण बनाता है। भारत का मार्ग मानवता को इससे बचाने का विकल्प प्रस्तुत कर सकता है। इस प्रकार उनके चिंतन में भारत की स्वतंत्रता= विश्व को एक संतुलित, समन्वयी और नैतिक दिशा देने का अवसर था।

गुरुजी गोलवलकर ने हेडगेवार के विचारों को एक व्यापक सांस्कृतिक और वैश्विक आयाम दिया। उनका मानना था कि हिंदू जीवन-दर्शन केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए एकात्मता और सामंजस्य का मार्ग है। उनके अनुसार हिंदू समाज को तीन बुनियादी आवश्यकताएँ पूरी करनी होंगी-

(1) संरक्षण- मंदिर, तीर्थ, शिक्षण-परंपरा, परिवार, संस्कार ये सब राष्ट्रीय चेतना के आधार-स्तंभ हैं। इन्हें सुरक्षित रखा जाये बिना समाज की आत्मा सुरक्षित नहीं रह सकती। (2) मौलिकता- गुरुजी पश्चिमी अंधानुकरण से सावधान करते थे। उपभोक्तावाद के स्थान पर संयम, धर्महीन आधुनिकता के स्थान पर मूल्यनिष्ठ शिक्षा और मानव-केंद्रित प्रगति पर उनका आग्रह था। (3) जीवन्तता- उनके अनुसार धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं बल्कि आचरण, कर्तव्य, परिवार और पुरुषार्थ का एक व्यवहारिक ढाँचा है। समाज जब इन सिद्धांतों को व्यवहार में लाता है, तभी वह सशक्त बनता है।

गुरुजी ने ह्यहिंदूराष्ट्रह्ल की अवधारणा को राजनीतिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रीयता के रूप में परिभाषित किया। यह न किसी प्रभुत्व का विचार है, न किसी धार्मिक राज्य का। यह समान राष्ट्रीय स्मृति, समान कर्तव्य-भाव और सामाजिक समरसता पर आधारित समाज-केंद्रित राष्ट्रीयता है।

डॉ. हेडगेवार और गुरुजी की दृष्टि में भारत के पुनरुत्थान का मूल मंत्र था एक जागरुक, निर्दोष, संगठित और सुदीर्घ समाज। जागरुक समाज यानी जिसके पास इतिहास-बोध, संस्कृति-बोध, कर्तव्य-बोध और चुनौतियों का विवेकपूर्ण विश्लेषण हो। निर्दोष नागरिक- जो चरित्र, अनुशासन और नैतिकता में उच्च हो। दोनों कहते थे, ह्लचरित्र-निर्माण ही राष्ट्र-निर्माण का प्रथम सोपान है।ह्व वहीं, संगठित समाज- हेडगेवार का सूत्रः ह्लव्यक्ति जोड़ो राष्ट्र स्वयं जुड़ जाएगा।ह्व गुरुजी का संकल्पः ह्लसंगठन संख्या नहीं मन का एकत्व है।ह्व दोनों के अनुसार राष्ट्र-निर्माण त्वरित प्रक्रिया नहीं; यह धैर्य, तप, निरंतर सेवा और सतत संस्कारों का विषय है।

संघ के चिंतन में ह्यपरम वैभवह्ल का अर्थ किसी भौतिक सामर्थ्य तक सीमित नहीं। यह है सांस्कृतिक समृद्धि, ज्ञान-विज्ञान का उत्कर्ष, सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता, चरित्रवान नागरिक, विश्व-मानवता के लिए आध्यात्मिक व नैतिक नेतृत्व। दोनों महापुरुषों का विश्वास था कि भारत का उदय विश्व में सामंजस्य, संतुलन और शांति की स्थापना का मार्ग बनेगा। क्योंकि भारत का दर्शन ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल आज की विभाजित, उपभोक्तावादी और तनावग्रस्त विश्व-व्यवस्था के लिए एक शाश्वत समाधान है।

डॉ. हेडगेवार और गुरुजी ने यह स्पष्ट किया कि स्वतंत्रता केवल सत्ता-परिवर्तन नहीं; यह मनुष्य, समाज और संस्कृति तीनों की पुनर्रचना है। उनकी दृष्टि में-

आज जब भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, तब इन दोनों महान पुरुषों की राष्ट्र-दृष्टि पुनः राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आ रही है। ह्लस्पिरिचुअलाइज द रिलिजनझ्रनेशनलाइज द मैनह्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह मौलिक सिद्धांत पिछले सौ वर्षों से उसके कार्य का दार्शनिक आधार रहा है। इसका अर्थ है धर्म को अनुष्ठानों तक सीमित न रखकर आध्यात्मिक मूल्य, आत्मानुशासन, करुणा, कर्तव्य-बोध और राष्ट्रनिष्ठा का जागरण तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में राष्ट्र-केंद्रित चरित्र वाला बनाना। इसी दृष्टि से संघ दो महत्वपूर्ण कार्य-मार्ग निर्धारित करता है- ह्लसवेर्षां अविरोधेनह्व समाज के प्रत्येक घटक के साथ सामंजस्य, समन्वय और अविरोध का भाव। संगठन का विस्तार किसी के विरोध से नहीं बल्कि सभी के साथ संवाद, सद्भाव और सहभागिता से। ह्लबहुमत से नहीं, सहमति से निर्णयह्व संघ में निर्णय संख्या बल से नहीं बल्कि सर्वसम्मति, निरहंकार चर्चा और साझा समाधान की भावना से किए जाते हैं। वस्तुतः यही दो सिद्धांत संघ को मात्र संगठन नहीं बल्कि राष्ट्रजीवन में सकारात्मक परिवर्तन की सतत साधना बनाते हैं। त्यांच्या चिंतन में निहित यह संदेश सदैव प्रासंगिक रहेगा, ह्लजब समाज जागता है राष्ट्र उठ खड़ा होता है; जब राष्ट्र उठता है विश्व को दिशा मिलती है।ह्व

# ग्रेट निकोबार : क्या राष्ट्रहित से ऊपर है कांग्रेस की राजनीति

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को अपने समुद्री हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना समय की मांग है। ऐसे समय में ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के सामरिक, आर्थिक और वैश्विक भविष्य की आधारशिला है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस इस परियोजना का लगातार विरोध कर रही है।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आज जब भारत विश्व मंच पर एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, तब देश को मजबूत सामरिक ढांचा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक व्यापारिक क्षमता की भी आवश्यकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को अपने समुद्री हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना समय की मांग है। ऐसे समय में ग्रेट निकोबार परियोजना भारत के सामरिक, आर्थिक और वैश्विक भविष्य की आधारशिला है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस इस परियोजना का लगातार विरोध कर रही है।

वस्तुतः कभी पर्यावरण के नाम पर, कभी आदिवासी हितों के नाम पर और अब राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर प्रश्न उठाकर कांग्रेस ऐसे प्रोजेक्ट को रोकने की कोशिश कर रही है, जो भविष्य में भारत को समुद्री शक्ति, व्यापारिक आत्मनिर्भरता और सामरिक मजबूती प्रदान करने का कारण बनेगा। सवाल यह है कि क्या वास्तव में कांग्रेस को पर्यावरण और जनजातीय समाज की इतनी चिंता है या फिर यह मोदी सरकार का विरोध करने की योजनाबद्ध मानसिकता है?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर पुनर्विचार की मांग की है। उनका तर्क है कि ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और टाउनशिप जैसी योजनाएं सैन्य क्षमता नहीं बढ़ातीं और पर्यावरण तथा आदिवासी समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे में यहां स्वाभाविक प्रश्न उभरता है कि यदि कांग्रेस को विकास परियोजनाओं से इतना ही परहेज है, तब अपने दशकों लंबे शासनकाल में उसने देशभर में हजारों बड़े बांध, बंदरगाह, औद्योगिक कॉरिडोर, राजमार्ग और शहरी परियोजनाएं क्यों शुरू कीं?

क्या तब पर्यावरण और जनजातीय हित याद नहीं आए? क्या उस समय पर्यावरण का नुकसान नहीं हो रहा था? असल सच्चाई यह है कि कांग्रेस का यह विरोध सिद्धांत आधारित न होकर सिर्फ राजनीति से प्रेरित है। यदि यही परियोजना कांग्रेस सरकार लेकर आती, तो वही नेता इसे ह्लभारत के भविष्य का द्वारह्व बताते। ग्रेट निकोबार द्वीप की स्थिति हिंद महासागर क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पूर्व-पश्चिम अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग से मात्र लगभग 40 नॉटिकल मील की दूरी पर स्थित है। दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक के इतना निकट होना भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अमूल्य अवसर है। आज भारत का बड़ा हिस्सा विदेशी ट्रांसशिपमेंट बंदरगाहों जैसे कोलंबो, सिंगापुर और क्लांग पर निर्भर है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत का व्यापारिक और सामरिक हित दूसरे देशों की बंदरगाह नीतियों पर निर्भर रहता है। ग्रेट निकोबार परियोजना इस निर्भरता को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम है। हमें समझना होगा कि 14.2 मिलियन टीईयू क्षमता वाला इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल भारत को समुद्री व्यापार में आत्मनिर्भर बनाएगा। यह आर्थिक परियोजना होने के साथ चीन की बढ़ती समुद्री आक्रामकता के सामने भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने वाला कदम है। क्या कांग्रेस को दिखाई नहीं देता कि भारत के पड़ौसी देश अपनी सामरिक शक्ति एवं अन्य शक्तियां बढ़ाने के लिए क्या कर रहे हैं? जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार अपने बंदरगाह नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, तब भारत यदि अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाता है तो कांग्रेस को इसमें समस्या क्यों दिखाई देती है? कांग्रेस का कहना है कि केवल आईएनएस बाज या अन्य सैन्य परिसंपत्तियों के विस्तार से काम चल सकता है। लेकिन क्या भारत जैसे विशाल और उभरते हुए राष्ट्र को केवल ह्लकाम चलानेह्व वाली मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए? उम्मीद से अधिक नहीं किंतु यह तो कांग्रेस समझ ही सकती है कि 150 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। यदि भारत को वैश्विक व्यापार, नौसैनिक शक्ति और समुद्री रणनीति में अग्रणी बनना है, तो उसे विश्वस्तरीय बंदरगाह, एयरपोर्ट और आधुनिक शहरी ढांचे की आवश्यकता होगी। कांग्रेस शायद यह भूल रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सैन्य अड्डों के साथ ही मजबूत आर्थिक और लॉजिस्टिक क्षमता से भी सुनिश्चित होती है। ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, एयरपोर्ट और टाउनशिप, ये सभी मिलकर भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी रणनीतिक बढ़त दिलाएंगे।

कांग्रेस लगातार यह प्रचारित करने की कोशिश कर रही है कि इस परियोजना से बड़े स्तर पर पर्यावरण को नुकसान होगा किंतु वास्तविकता इससे भिन्न है। यह परियोजना ईआईए अधिसूचना 2006 और आईसीआरजेड अधिसूचना 2019 के तहत सभी आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरियां प्राप्त कर चुकी है। इसके लिए विस्तृत पर्यावरण प्रभाव आकलन किया गया है, जिसमें भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय विज्ञान संस्थान, वन्यजीव संस्थान और सैकॉन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने अध्ययन किया है।

परियोजना के अंतर्गत 42 अनिवार्य पर्यावरणीय शर्तें लागू की गई हैं। द्वीप के केवल 1.82 प्रतिशत वन क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा और इसके बदले 97.30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में क्षतिपूर्ति वनीकरण किया जाएगा। इतना ही नहीं, 65.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ग्रीन जोन के रूप में संरक्षित रखा जाएगा, जहां एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। क्या कांग्रेस यह बताना चाहेगी कि उसके शासनकाल में बनी परियोजनाओं में इतने व्यापक पर्यावरणीय सुरक्षा प्रावधान कितनी बार देखने को मिले थे?

कांग्रेस यह आरोप लगा रही है कि परियोजना से शोंपेन और निकोबारी समुदाय प्रभावित होंगे किंतु सही तथ्य यह है कि परियोजना में किसी भी जनजातीय समुदाय के विस्थापन का प्रस्ताव नहीं है। परियोजना के अंतर्गत जनजातीय आरक्षित क्षेत्र में शुद्ध वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। 73.07 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को डी-नोटिफाई करने के बदले 76.98 वर्ग किलोमीटर नई भूमि को पुनः जनजातीय आरक्षित क्षेत्र घोषित किया जा रहा है। यानी कुल आरक्षित क्षेत्र में वृद्धि होगी।

इसके अतिरिक्त, जनजातीय हितों की निगरानी के लिए स्वतंत्र समितियां गठित की गई हैं और जनजातीय कार्य मंत्रालय, एएजेवीएस तथा भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण जैसे संस्थानों से विस्तृत परामर्श किया गया है। यदि वास्तव में सरकार आदिवासी विरोधी होती, तब क्या इतनी संवेदनशील और निगरानी आधारित व्यवस्था तैयार की जाती?

आज विश्व तेजी से बदल रहा है। समुद्री व्यापार, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और सामरिक समुद्री मार्ग आने वाले दशकों की शक्ति का निर्धारण करेंगे। भारत यदि इस दिशा में निर्णायक कदम उठा रहा है तो उसका स्वागत होना चाहिए, न कि राजनीतिक विरोध। मोदी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि भारत को आत्मनिर्भर, सामरिक रूप से मजबूत और आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाना है। ग्रेट निकोबार परियोजना उसी दृष्टि का हिस्सा है।

वस्तुतः आज ग्रेट निकोबार परियोजना यह सिद्ध करती है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक मूल्यांकन और चरणबद्ध विकास के माध्यम से दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। गैस और सौर ऊर्जा आधारित हाइब्रिड पावर प्लांट, पर्यावरण प्रबंधन योजना, आपदा प्रबंधन ढांचा और जैव विविधता संरक्षण उपाय यह दशार्ते हैं कि सरकार दीर्घकालिक सतत विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है।

# बदलते फैशन, बदलती सोच और समाज की असली चिंता

**हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्टर तेजी से वायरल हुआ जिसमें महिलाओं के पहनावे में आए बदलाव को ह्लसंस्कारों की हारह्व और ह्लनग्न होती नारीह्व जैसे शब्दों से जोड़ा गया। पोस्टर में 1980 से 2025 तक के फैशन परिवर्तन को दिखाकर यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि आधुनिकता ने भारतीय संस्कृति को कमजोर कर दिया है।**

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

समाज में समय के साथ बहुत कुछ बदलता है। भाषा बदलती है, रहन-सहन बदलता है, तकनीक बदलती है और पहनावा भी बदलता है। हर युग की अपनी पहचान होती है। कभी घूँघट और साड़ी को आदर्श माना गया, फिर सलवार-सूट सामान्य हुआ, उसके बाद जींस और आधुनिक परिधान युवाओं की पसंद बने। आज सोशल मीडिया और वैश्विक संस्कृति के प्रभाव से फैशन लगातार नए रूप ले रहा है। ऐसे में स्वाभाविक है कि समाज में इस बदलाव को लेकर चर्चा भी हो और मतभेद भी।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्टर तेजी से वायरल हुआ जिसमें महिलाओं के पहनावे में आए बदलाव को ह्लसंस्कारों की हारह्व और ह्लनग्न होती नारीह्व जैसे शब्दों से जोड़ा गया। पोस्टर में 1980 से 2025 तक के फैशन परिवर्तन को दिखाकर यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि आधुनिकता ने भारतीय संस्कृति को कमजोर कर दिया है। यह विषय केवल कपड़ों का नहीं बल्कि समाज की सोच, मानसिकता, स्वतंत्रता, नैतिकता और स्त्री के प्रति दृष्टिकोण का भी है। इसलिए इस विषय पर गंभीर और संतुलित चर्चा आवश्यक है।

सबसे पहले यह समझना होगा कि पहनावा केवल शरीर ढँकने का माध्यम नहीं होता बल्कि यह संस्कृति, मौसम, सुविधा, पेशा, परिवेश और व्यक्तिगत पसंद का भी हिस्सा होता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में अलग-अलग राज्यों की महिलाओं का पहनावा सदियों से भिन्न रहा है। कहीं साड़ी प्रमुख रही, कहीं घाघरा-चोली, कहीं मेखला, कहीं फुलकारी और कहीं सलवार-सूट। यदि परंपरा ही एकमात्र मानदंड होती, तो इतने विविध रूप कभी विकसित नहीं होते। इसका अर्थ स्पष्ट है कि समाज हमेशा बदलता रहा है और पहनावे में परिवर्तन कोई नई घटना नहीं है।

आज की युवा पीढ़ी ऐसे दौर में जी रही है जहाँ वैश्विक संस्कृति का प्रभाव पहले से कहीं अधिक है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया ने दुनिया को छोटे से मंच में बदल दिया है। फैशन अब महानगरों तक सीमित नहीं रहा बल्कि गाँवों और कस्बों तक पहुँच चुका है। ऐसे में युवाओं का नए पहनावे की ओर आकर्षित होना अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब इस बदलाव को सीधे ह्लचरित्रह्व, ह्लसंस्कारह्व और ह्लनैतिकताह्व से जोड़ दिया जाता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग महिलाओं के कपड़ों को ही उनकी मयार्दा का पैमाना मानता है। यदि कोई लड़की आधुनिक कपड़े पहनती है तो उसके संस्कारों पर प्रश्न उठा दिए जाते हैं, जबकि वही समाज पुरुषों के पहनावे को इतनी कठोर दृष्टि से नहीं देखता। यह दोहरा मापदंड लंबे समय से हमारे समाज में मौजूद है। सवाल यह है कि क्या किसी व्यक्ति का चरित्र केवल उसके वस्त्र तय करते हैं? यदि ऐसा होता, तो अपराध कभी परंपरागत कपड़े पहनने वालों द्वारा नहीं किए जाते। वास्तविकता यह है कि नैतिकता मनुष्य के व्यवहार, सोच और कर्मों से निर्धारित होती है, न कि केवल उसके पहनावे से।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि आधुनिकता और अश्लीलता दोनों अलग बातें हैं। हर आधुनिक परिधान अश्लील नहीं होता और हर पारंपरिक वस्त्र संस्कारों की गारंटी नहीं देता। कई बार समाज अपनी असहजता को ह्लसंस्कृति की रक्षाह्व का नाम देकर प्रस्तुत करता है। जबकि असली चुनौती कपड़ों से अधिक मानसिकता की है। यदि किसी महिला को सड़क पर असुरक्षा महसूस होती है, तो उसके पीछे कारण उसके वस्त्र नहीं बल्कि समाज के कुछ लोगों की विकृत सोच है।

यह भी सच है कि फैशन उद्योग और सोशल मीडिया ने शरीर को प्रदर्शन की वस्तु की तरह प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। लाइक्स, फॉलोअर्स और वायरल होने की होड़ में कई बार लोग सीमाओं को भूल जाते हैं। बाजारवाद ने सुंदरता को एक उत्पाद बना दिया है। युवाओं पर आकर्षक दिखने का दबाव बढ़ा है। यह चिंता का विषय अवश्य है क्योंकि इससे आत्मविश्वास की जगह दिखावे की संस्कृति मजबूत होती है। परंतु इसका समाधान महिलाओं को दोष देना नहीं, बल्कि समाज में संतुलित और स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना है।

परिवार और शिक्षा की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि बच्चों को बचपन से ही सम्मान, समानता और संवेदनशीलता के संस्कार दिए जाएँ, तो वे किसी व्यक्ति को उसके कपड़ों से नहीं बल्कि उसके व्यक्तित्व से पहचानेंगे। लड़कों को यह सिखाना अधिक आवश्यक है कि महिलाओं का सम्मान करें, बजाय इसके कि लड़कियों को हर समय अपने पहनावे के लिए दोषी महसूस कराया जाए। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता और सहनशीलता रही है। हमारी सभ्यता ने हमेशा परिवर्तन को अपनाया है। कभी महिलाओं की शिक्षा का विरोध हुआ, फिर वही शिक्षा समाज की शक्ति बनी। कभी नौकरी करने वाली महिलाओं को गलत माना गया, आज वही महिलाएँ परिवार और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं इसलिए केवल बदलाव के आधार पर किसी चीज को गलत ठहराना उचित नहीं कहा जा सकता। हालाँकि इसका अर्थ यह भी नहीं कि समाज में मयार्दा और संतुलन का कोई महत्व नहीं रह गया। स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। हर व्यक्ति को अपने परिवेश, अवसर और सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। लेकिन यह निर्णय भय या दबाव से नहीं बल्कि समझ और आत्मसम्मान से होना चाहिए। संस्कार का अर्थ बंधन नहीं बल्कि विवेक है।

सोशल मीडिया के इस युग में संवाद की जगह आरोपों ने ले ली है। लोग तुरंत किसी की तस्वीर देखकर निर्णय सुना देते हैं। महिलाओं के पहनावे पर बहस करना आसान है लेकिन महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों पर गंभीर चर्चा कम होती है। यदि समाज वास्तव में संस्कृति और भविष्य को लेकर चिंतित है तो उसे सबसे पहले महिलाओं के प्रति सम्मानजनक वातावरण बनाना होगा। हमें यह समझना होगा कि संस्कृति केवल कपड़ों में नहीं रहती। संस्कृति हमारे व्यवहार, भाषा, परिवारिक मूल्यों, बुजुर्गों के सम्मान, ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी में बसती है। यदि कोई व्यक्ति आधुनिक कपड़े पहनकर भी दूसरों का सम्मान करता है, अपने कर्तव्यों का पालन करता है और मानवीय मूल्यों को महत्व देता है तो वह उतना ही संस्कारी है जितना कोई पारंपरिक वस्त्र पहनने वाला व्यक्ति। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष को सही या गलत साबित करने की नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की है। न अंधी आधुनिकता उचित है और न ही कट्टर सोच। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि नई पीढ़ी अपनी पसंद और पहचान के साथ जीना चाहती है। वहीं युवाओं को भी यह समझना होगा कि आत्मविश्वास केवल फैशन से नहीं, बल्कि ज्ञान, व्यक्तित्व और व्यवहार से आता है। महिलाओं को सम्मान देना केवल ह्लदेवीह्व कह देने से पूरा नहीं होता। वास्तविक सम्मान तब होगा जब उन्हें अपने जीवन, शिक्षा, करियर और पहनावे के निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलेगी।

# घर में बांसुरी का यह उपाय लाएगा गुड लक

आज हिंदू धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व माना जाता है। वास्तु के अनुसार, घर में रखी बांसुरी कई दोषों का निवारण का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है। कुछ लोग कितनी भी मेहनत कर लें लेकिन सफलता हाथ नहीं लगती है। ऐसे में अशांति घर में बनीं रहती हैं, तो बांसुरी का एक छोटा-सा उपाय आपकी किस्मत को बदला सकता है। बंद किस्मत के दरवाजे भी खुल जाएंगे। आइए आपको इस लेख में कुछ बांसुरी से जुड़े हुए उपाय बताते हैं।



**मानसिक शांति और सफलता के लिए बांसुरी से जुड़ा उपाय**

अगर आप काफी समय से करियर या बिजनस में बार-बार आने वाली बाधाओं से परेशान है, तो आप अपने वर्क डेस्क या ऑफिस के केबिन में लकड़ी की बांसुरी रखें। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, कार्यक्षेत्र में बांसुरी रखने से एकाग्रता बढ़ती है और व्यक्ति को निर्णय लेने में सुगमता होती है। जिससे बड़ी सफलता के मार्ग प्रशस्त होते हैं।

**वैवाहिक जीवन में मधुरता**

वैवाहिक जीवन में चल रहे तनाव और बार-बार होने वाले झगड़ों को कम करने के लिए बांसुरी को एक प्रभावी उपाय माना जाता है। यदि पति-पत्नी के रिश्ते में दूरी या कड़वाहट आ गई हो, तो बेडरुम में दो बांसुरियों को एक-दूसरे के ऊपर क्रॉस की तरह लगाना शुभ माना जाता है। ध्यान रखें कि दोनों बांसुरियों का मुंह नीचे की ओर होना चाहिए। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, प्रेम में मिठास आती है और आपसी विवाद धीरे-धीरे खत्म होने लगते हैं।

**आर्थिक तंगी और बरकत के लिए**

अगर आप घर की आर्थिक तंगी से परेशान मुख्य द्वार के पास या तिजोरी के ऊपर बांसुरी रखना शुभ होता है। अगर घर के हॉल या लिविंग रूम में पीले रंग की बांसुरी लगाई जाए, तो इससे धन आगमन के स्रोत खुल जाते हैं। वास्तु के अनुसार, बांसुरी की मौजूदगी से घर में लक्ष्मी का वास होता है और बरकत बनी रहती है।

## टिप्स

### समर में दही खाते वक्त न करें ये कॉमन मिस्टेक

गर्मियों के मौसम में दही का सेवन करना पाचन, हाइड्रेशन और गट हेल्थ के लिए काफी हेल्दी माना जाता है। क्योंकि दही में प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, प्रोटीन और गुड बैक्टीरिया (प्रोबायोटिक्स) पाए जाते हैं, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत करते हैं और शरीर को भी ठंडक पहुंचाता है। भीषण गर्मी में दही का सेवन करने से बॉडी का तापमान संतुलित रहता है और डिहाइड्रेशन से बचाव होता है। समर सीजन में दही खाना आमतौर पर काफी फायदेमंद माना जाता है, हालांकि यह जब भी अच्छा माना जाता है जब आप इसे सही तरीके और समय पर खाना पसंद करें। गर्मियों में दही खाया तो सेहत अच्छी बनेंगी या बिगड़ेगी, यह आपको बताते हैं।

**गर्मियों में दही खाने के फायदे** : दही खाने से पेट हल्का और सुपाच्य होता है, इसलिए यह एसिडिटी, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं में राहत देता है। जब आप लस्सी, छाछ या रायता के रुप में दही का सेवन करते हैं, तो ज्यादा फायदे मिलते हैं, क्योंकि ये शरीर को हाइड्रेट करता है और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाता है। गौरतलब है कि प्रोबायोटिक्स आंतों के गुड बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं, जिससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत रहता है।

गट हेल्थ के लिए दही का सेवन करना अच्छा माना जाता है। क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स आंतों के माइक्रोबायोम को संतुलित रखते हैं, जिससे पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है और शरीर पोषक तत्वों को प्रभावी तरीके से अवशोषित करता है। प्रतिदिन दही का सेवन करने से गैस, ब्लोटिंग और इर्रिटेबल बॉवेल जैसी समस्याओं में राहत दिलाता है। इसके साथ ही हेल्थ पाचन तंत्र मानसिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जो कि ऊर्जा और मूड बेहतर रहता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### एसआईआर पुनरीक्षण कार्य को लेकर चर्चा

# 23 व 24 मई को प्रकाशित होगी अनमैप्ड वोटरों की सूची

–एसआईआर पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक, बीएलओ और बीएलए–2 को समन्वय बनाने का निर्देश

**संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा:** प्रखंड सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रभारी जीपीएस जनकदेव यादव की अध्यक्षता में एसआईआर से जुड़ी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं बीएलए-2 उपस्थित रहे। इस दौरान एसआईआर पुनरीक्षण कार्य को लेकर आवश्यक चर्चा की गई तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में प्रभारी जीपीएस जनकदेव यादव ने कहा कि एसआईआर पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ एवं बीएलए-2 के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक है, ताकि मतदाता सूची से संबंधित कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के निदेर्शानुसार 23 एवं 24 मई 2026 को अनमैप्ड वोटरों की सूची प्रकाशित की जाएगी।



उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का मैपिंग नहीं हो पाया है, वे अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर बीएलओ से संपर्क करें और मैपिंग की प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि कोई भी वैध मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। बैठक में निर्वाचन नोडल सूरज टुडू, प्रधान सहायक अरुण कुमार गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम यादव, कांग्रेस जिला महासचिव ऐनुल हक अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली, विक्रम सरकार, सुनील प्रमाणिक, प्रताप राय, धनंजय मंडल, हफीजुर रहमान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बिंदुधाम टियोटोला में नए ट्रांसफार्मर का झामुमो नेता ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**

**साहिबगंज/पतना :** शुक्रवार को पतना प्रखंड अंतर्गत बड़ा दिघी पंचायत के झिकटिया बिंदुधाम के निकट टियोटोला में 100 केवीए नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष दिनेश कर्मकार ने किया। जिससे स्थानीय ग्रमीणों को बिजली की समस्याओं से राहत मिली,दरअसल बीते कुछ दिनों से स्थानीय ग्रामीण ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण इस भीषण गर्मी में बिजली की समस्याओं से जूझ रहे थे ,जिसको लेकर ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के बड़ा दिघी पंचायत अध्यक्ष दिनेश कर्मकार को उक्त समस्याओं से अवगत कराया जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए श्री कर्मकार ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से वतार्लाप ग्रमीणों की समस्या से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया।तत्पश्चात शुक्रवार को 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर टियोटोला गाँव पर पहुँची जिसे



बिजली मिस्त्री जीतू कुमार ने पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर नए ट्रांसफार्मर को नियमानुसार विस्थापित किया,जिसके बाद गाँव में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।काफी दिनों से अंधेरे से जूझ रहे ग्रामीणों ने ईस समस्या के समाधान को लेकर झामुमो नेता सह समाजसेवी दिनेश कर्मकार को धन्यवाद दिया।इस दौरान कर्मकार ने कहा की ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना हमारा कर्तब्य है जो मैं सदैव करता रहूँगा।मौके पर बलराम उर्फ कर्नल,जोनी टुडू ,बाबूलाल मुर्मू ,लखनमुर्मू,राजकुमार ,छबिलाल ,सिंगराय मरांडी,शिकार मुर्मू सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## आलमगीर आलम के स्वागत की तैयारियों में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता, कोटालपोखर में हुई बैठक

**संवाददाता**

साहिबगंज/कोटालपोखरः पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सियुली डांगा स्थित कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विकास सिंह के आवास पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पाकुड़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उनके गृह क्षेत्र आगमन को लेकर चर्चा की गई।और जानकारी दी गई कि पूर्व विधायक आलमगीर आलम 22 मई 2026 को करीब शाम 4 बजे अपने स्थायी निवास, पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत इस्लामपुर पहुंचेंगे। यह सूचना मिलते ही कोटालपोखर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं में खासा उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। जबकि कार्यकर्ताओं ने आलमगीर आलम के स्वागत को लेकर विस्तार से चर्चा की और



उनके भव्य स्वागत की रूपरेखा तैयार की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगभग दो वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अपने पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री को देखने को लेकर सभी में उत्साह है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि वे लंबे समय से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे थे और अब जमानत मिलने के बाद उनमें खुशी का माहौल है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विकास सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर, कोटालपोखर पंचायत अध्यक्ष रंजीत भंडारी, बिनोद घोष, नसीम मंसूरी, अजय साह, राजेश साह, रब्बानी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ता कोटालपोखर के शांति चौक पर एकत्रित होंगे और उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अपने नेता के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और सभी कार्यकर्ता स्वागत को लेकर उत्साहित हैं।

## उधवा झील पक्षी आश्रयणी क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश पर कार्रवाई, एक गिरफ्तार

- ✔ वन विभाग की विशेष गश्ती टीम ने नाव व जाल किया जब्त, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

**संवाददाता**

साहिबगंज/उधवाः झील पक्षी आश्रयणी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष गश्ती अभियान के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 06:30 बजे वन विभाग की टीम नियमित गश्ती पर थी। इसी दौरान टीम ने एक व्यक्ति को नाव के माध्यम से संरक्षित क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर जाल लगाकर वन्यजीव एवं वन उत्पादों को नुकसान पहुँचाते हुए देखा। वन विभाग की टीम को देखते ही उक्त व्यक्ति नाव लेकर भागने का प्रयास करने लगा, किन्तु टीम



द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे पकड़ लिया गया।घटनास्थल से नाव एवं जाल को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय, तालझारी लाया गया। वन विभाग के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहा है। वन विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम एवं संबंधित धाराओं के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उधवा झील पक्षी आश्रयणी जैसे संरक्षित क्षेत्रों में वन्यजीवों एवं वन संपदा को नुकसान पहुँचाने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही पक्षी आश्रयणी क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। यह कार्रवाई वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे के नेतृत्व में की गई। अभियान में प्रभारी वनपाल राणा रंजीत, प्रधान वनरक्षी अखिलेश मरांडी, प्रेम कुमार, पप्पू कुमार एवं अन्य वनकर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## एनएसयूआई ने कलस्टर से संबंधित मामले को लेकर कुलपति के नाम प्रचार्य को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता**

साहिबगंज/बरहरवा:एनएसयूआई साहिबगंज जिला अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट के नेतृत्व में एनएसयूआई ने क्लस्टरिंग के आधार पर महाविद्यालय से हटाए गए विषयों में से कुछ विषयों को वापस लाने एवं महत्वपूर्ण विषयों में सीटों की संख्या पूर्व की भांति करने के संबंध में कुलपति के नाम प्राचार्या को ज्ञापन सौंपा । थॉमस रॉबर्ट ने बताया कि बी एस के महाविद्यालय एक पिछड़े क्षेत्र में महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है। जहां मुख्यतः आर्थिक रूप से पिछड़े और आदिवासी वर्ग के छात्र-छात्राएं अधिकांश संख्या में शिक्षा प्राप्त करते हैं, हमारे क्षेत्र से किसी बड़े शहर जाना आसान नहीं है ऐसे में महाविद्यालय से नौ विषयों मुख्य रूप से बंगला,उर्दू,संस्कृत को हटा दिए जाने से एवं हिंदी, इतिहास,



भूगोल जैसे महत्वपूर्ण विषयों में सीटों की संख्या को घटाना छात्र हित के विरोध में लिया जाने वाला काम है, जिससे हमारे क्षेत्र की साक्षरता दर में निश्चित रूप कमी आएगी।पूर्व एनएसयूआई कॉलेज अध्यक्ष व बीसीए के छात्र रहे आखलाकुर रहमान ने बताया कि एनएसयूआई ने ही आंदोलन करके हिंदी इतिहास भूगोल जैसे विषयों में सीटों की संख्या बढ़वाई थी क्यूंकि इन विषयों में नामांकन हेतु 600-700 आवेदन आते हैं और अब दोबारा छात्रों के हितों को अनदेखा करना बेहद निंदनीय है ।अतः एनएसयूआई यह मांग करती है कि छात्र और शिक्षा विरोधी फैसले पर पुनर्विचार कर छात्रों को यथा शीघ्र राहत पहुंचाने का काम करें, अन्यथा एनएसयूआई कड़े कदम उठाने को बाध्य होगी ।मौके पर एनएसयूआई से मुंतेखाब, अभिषेक, राजा, नगर अध्यक्ष सत्यम यादव , जयप्रकाश, अक्षय, जैनुल, जय प्रकाश, नजीमुद्दीन, शिवम, बंकिम, असफाक, इंतेसर एवं अन्य मौजूद थें ।

### जनता दल यूनाइटेड जदयू की प्रमंडलीय बैठक

## कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर करना होगा काम :सुनील

**संवाददाता**

साहिबगंज:शहर के चौक बाजार स्थित छोटी धर्मशाला में जनता दल यूनाइटेड जदयू? की प्रमंडलीय बैठक साहिबगंज जिलाध्यक्ष सुनील सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।जहाँ जदयू कार्यकर्ताओ ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके व फूल माला पहनाकर स्वागत किया।वही बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने कार्यकताओं को सक्रिय करने और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।नेताओं ने कहा कि पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को एकजुट होकर काम करना होगा।प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि जदयू को झारखंड में मजबूत विकल्प के रूप में



स्थापित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। वही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो वादे करके झारखण्ड में आई थी अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया. राज्य में आज भी सी एन टी एक्ट और एस पी टी एक्ट पूरी तरह से लागू नहीं हुआ हैं.जमीनों के सर्वे और म्युटेशन में कर्मचारी और पदाधिकारी खुलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं.कहा कि पदाधिकारी मनमानी पैसा वसूल रहा हैं. अपराध और अपराधी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही हैं।

# जमीन विवाद में हुई हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा

### दो चचेरे भाई गिरफ्तार, पूछताछ में बताया गला दबा कर की हत्या,

**संवाददाता**

**साहिबगंज:**बोरियो थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बरमसिया गांव के निकट स्थित मेरलेघुटु जंगल से गुरुवार को बरामद सड़ी गली लाश मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है।नए सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।दोनों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया है कि उन्होंने अपने चचेरे भाई की हत्या गला दबाकर कर दी।इसके बाद लाश को जंगल में फेंक फरार हो गए थे। एसडीपीओ ने बताया कि ग्राम बड़ा



बरमसिया निवासी संजी हेम्ब्रम 40 ने 21 मई 2026 को बोरियो थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके पति चम्पई मरांडी को बीते 12 मई 2026 को गांव के ही तीन लोग शराब पीने के बहाने घर से बुलाकर ले गए थे, जिसके बाद से वह लापता थे।इस शिकायत के आधार पर बोरियो थाना में कांड सं0-42/26, धारा- 140(1)/3(5) बीएनएस-2023 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बोरियो प्रभाग के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बरमसिया से नामजद दो आरोपी बरमसिया मांझी टोला निवासी बाबूजी मरांडी(35) और सड़क टोला निवासी मंगल टुडू(30) को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की पुलिसिया पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।दोनों ने बताया कि 12 मई को चम्पई मरांडी को शराब पिलाने के बहाने मेरले घुटू' जंगल की झाड़ियों में ले गए थे।वहां उन्होंने गला दबाकर चम्पई की हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में ही फेंक दिया था।जमीन विवाद के चलते दोनों ने चम्पाइ मरांडी की हत्या की थी।इस सफल उद्भेदन और छापेमारी दल में इंस्पेक्टर नूनूदेव राय,थाना प्रभारी रोहित कुमार,पुअनि सिद्धार्थ शंकर टोप्पो, सअनि देवनारायण साहु,मनोज कुमार शर्मा, बिराम मार्डी एवं बोरियो थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### आर्म्स एक्ट व मारपीट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

साहिबगंज :जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट एवं मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कबूतर खोपी निवासी विजय यादव के रूप में हुई है।इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि विजय यादव के विरुद्ध कांड संख्या 208/24 के तहत आर्म्स एक्ट और मारपीट का मामला दर्ज था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने क्षेत्र में मौजूद है, जिसके आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।थाना प्रभारी ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में साहिबगंज मंडल कारा भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच भी की जा रही है।

### दुष्कर्म मामले अभियुक्त यूपी से गिरफ्तार

साहिबगंज :मुफ्फसिल थाना पुलिस ने कांड संख्या–47/26 दिनांक 25 अप्रैल 2026, धारा–96 बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त आशीष वर्मा पिता राजेंद्र वर्मा, ग्राम नामवापुर कटेशर थाना हरगांव जिला सीतापुर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले में अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उचित मार्गदर्शी दल के साथ न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।मुफ्फसिल थाना पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

**साहिबगंज/उधवा** :भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से संचालित जलज परियोजना के तहत उधवा प्रखंड के चतराडीह नया टोला में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना सहायक वरुण कुमार मंडल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी पर मौजूद जीव–जंतुओं, वनस्पतियों और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना रखा गया है, जो स्थानीय स्तर पर संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने का संदेश देता है। उन्होंने ग्रामीणों को गंगा नदी में पाए जाने वाले विभिन्न जलीय जीवों एवं वन्यजीवों की जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण, पर्यावरणीय असंतुलन और मानव गतिविधियों के कारण इन जीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। यदि समय रहते संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो कई महत्वपूर्ण प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छ नदी व वन्यजीव सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही सभी से जैव विविधता संरक्षण अभियान में सक्रिय भागी दारी निभाने की अपील की गई। मौके पर क्षेत्रीय सहायक राहुल कुमार मंडल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने कहा- लगातार बढ़ रहा है अवैध लॉटरी का प्रचलन, तीनपहाड़ क्षेत्र बन मुख्य केंद्र : गौतम

**साहिबगंज** :जिला अंतर्गत तीन पहाड़ क्षेत्र इन दिनों अवैध लॉटरी के गढ़ के रूप में उभरता जा रहा है ।तीनपहाड़ से जिले के सभी क्षेत्रों में अवैध लॉटरी जैसे बरहरवा राजमहल साहिबगंज मंगलहा उधवा ऐसे सभी जगह संचालित हो रही है ।अवैध लॉटरी के इस जाल में क्षेत्र के युवाओं को लगातार फंसाया जा रहा है ।जिससे न केवल उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है ।कई युवा इस लत की चपेट में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं ।भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने आरोप लगाया कि जिले में अवैध लॉटरी का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है और इसका मुख्य केंद्र तीनपहाड़ क्षेत्र बन चुका है ।उन्होंने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से मांग की कि अवैध लॉटरी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए तथा इस धंधे में संलिप्त लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो ।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो भाजपा जिला इकाई इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करेगी ।गौतम यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में युवाओं का भविष्य हर स्तर पर बर्बाद किया जा रहा है ।अवैध लॉटरी जैसे सूखे नशे के माध्यम से युवाओं को गलत रास्ते पर धकेला जा रहा है,जो अत्यंत चिंताजनक है ।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### साहिबगंज के नये एसडीपीओ ने किया पदभार ग्रहण, कहा-विधि व्यवस्था बनाये रखना पहली प्राथमिकता होगी

साहिबगंज :अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को नवपदस्थापित एसडीपीओ सुशील कुमार ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान एसडीपीओ किशोर तिर्की ने उन्हें पदभार सौंपा ।नए एसडीपीओ ने अपराध नियंत्रण,आगंतुकों से मित्रवत व्यवहार व विधि व्यवस्था बनाये रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी ।टीमवर्क के तहत कार्य कर अनुमंडल क्षेत्र में लोगों को सुरक्षा प्रदान किया जाएगा ।साथ ही महिलाओं और बच्चों भी पुलिस प्रशासन खास ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि समाज के असमाजिक तत्वों एवं मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।उन्होंने लोगों से पुलिस को सहयोग करने की अपील की। इसके पूर्व सुशील कुमार विशेष शाखा में थे।

### सेवानिवृत्त चौकीदारों को सेवा लाभ भुगतान नहीं मिलने पर संघ ने जताई नाराजगी

साहिबगंज :जिले के राजमहल अंचल कार्यालय में सेवानिवृत्त चौकीदारों को अब तक सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान नहीं होने पर झारखंड पेंशनर कल्याण समाज कर्मचारी संघ ने नाराजगी जताई है ।इस संबंध में संघ की ओर से अंचल अधिकारी राजमहल को ज्ञापन सौंपा गया ।संघ के अध्यक्ष भरत यादव ने बताया कि राजकुमार तिवारी,माडू मंडल,गौर पासवान,वासुदेव तांती और रतन बागती सहित पांच चौकीदार सेवा निवृत्त हो चुके हैं,लेकिन अब तक उन्हें सरकारी प्रावधान के अनुसार लाभ नहीं मिला है ।संघ ने कहा कि सभी कर्मियों की आर्थिक स्थिति कमजोर है और समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आरोप लगाया गया कि अंचल कार्यालय की लापरवाही के कारण पेंशन पेपर भी समय पर तैयार नहीं किए जा रहे हैं ।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर भुगतान एवं पेंशन संबंधी प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो आंदोलन,धरना और न्यायालय का सहारा लिया जाएगा ।ज्ञापन की प्रतिलिपि उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज को भी भेजी गई है।

### झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता ने प्रखंड सभागार में परिसंपत्ति और नियुक्ति पत्र का किया वितरण,

साहिबगंज/बरहेट :प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों एवं नियुक्ति पत्रों का वितरण किया ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुक एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने



कहा कि राज्य सरकार गांव,गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के विकास को लेकर लगातार कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे,यही उद्देश्य है ।उन्होंने लाभुकों से योजनाओं का सही उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आम लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं को उनके समक्ष रखा,जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी सचिव मुजीबुर्रहमान,उपप्रमुख रुपक साह, प्रखंड कोषाध्यक्ष गुंजन सिंघानिया,छवि हेंब्रम,मोहम्मद अली अंसारी,पुसा टुडू,जिसू मरांडी,समदा सोरेन, अब्दुल मजीद,लुखिराम हेंब्रम सुनिराम हांसदा, पप्पू भगत,बाबुधन टुडू, इब्राहिम अंसारी,मुन्ना अंसारी,अली मोहम्मद अंसारी,मुश्ताक अंसारी,कौशर अंसारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप रेस में क्लासेन तीसरे स्थान पर, ईशान किशन टॉप-5 में पहुंचे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लीग चरण के अंतिम दौर में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस बेहद रोमांचक हो गई है। शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के बाद दोनों सूचियों में कई अहम बदलाव देखने को मिले।

**ऑरेंज कैप की दौड़ में क्लासेन की बड़ी छलांग**





गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन 638 रनों के साथ अब भी ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके साथी और कप्तान शुभमन गिल 616 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने आरसीबी के खिलाफ सिर्फ 24 गेंदों में 51 रनों की तेज पारी खेलकर तीसरे स्थान पर छलांग लगा दी है। क्लासेन के अब 14 पारियों में 606 रन हो गए हैं। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 579 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं, एसआरएच के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने आरसीबी के खिलाफ 46 गेंदों में 79 रन बनाकर टॉप-5 में जगह बना ली है। किशन के अब 569 रन हो गए हैं।

पर्पल कैप में भुवनेश्वर और रबाडा बराबरी पर

पर्पल कैप की दौड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा संयुक्त रूप से 24-24 विकेट लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, बेहतर इकॉनमी रेट (8.07) होने के कारण पर्पल कैप फिलहाल भुवनेश्वर कुमार के पास ही बनी हुई है, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.18 है। चेन्नई सुपर किंग्स (उरङ) के युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज 21 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान 19 विकेट लेकर चौथे नंबर पर मौजूद हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा ने आरसीबी के खिलाफ 2 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 19 तक पहुंचा दी, लेकिन उनकी इकॉनमी 9.27 होने के कारण वह पांचवें स्थान पर हैं।

## महिला निर्देशक के साथ



# काम करने में खुद को ज्यादा सहज महसूस किया : ज्योतिका

अभिनेत्री ज्योतिका इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'सिस्टम' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है और इसी वजह से पूरी टीम इसके प्रमोशन में बिजी है। मुंबई में हुए प्रमोशनल इवेंट के दौरान ज्योतिका ने फिल्म, अपने किरदार और निर्देशक के साथ काम करने के अनुभव को लेकर बात की। इस दौरान उनके साथ अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा भी मौजूद थीं। आईएएनएस से बातचीत के दौरान ज्योतिका ने फिल्म की निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी की तारीफ की और बताया कि महिला निर्देशक के साथ काम करने का अनुभव उनके लिए काफी अलग और बेहद आरामदायक रहा। ज्योतिका ने कहा, ''सेट पर मुझे एक अलग तरह की सहजता महसूस हुई। मैं यह बात बहुत गर्व के साथ कह सकती हूं कि महिला निर्देशक के साथ काम करना ज्यादा कंफर्टेबल लगा। कई बार कलाकारों के मन में कुछ विचार होते हैं, जिन्हें वे चाहते हैं कि स्क्रीन पर सही तरीके से दिखाया जाए। अश्विनी अय्यर तिवारी ने हमें उसी नजरिए से समझा और स्क्रीन पर पेश किया।''

अभिनेत्री ने आगे कहा, ''फिल्म में कुछ ऐसे सीन्स भी थे, जिन्हें चाहें तो ज्यादा ग्लैमरस बनाया जा सकता था ताकि दर्शकों का ध्यान जल्दी खींचा जा सके। लेकिन, निर्देशक ने ऐसा करने के बजाय किरदारों की गरिमा को प्राथमिकता दी। मुझे सबसे ज्यादा यही बात पसंद आई कि फिल्म में मुझे और सोनाक्षी सिन्हा को बहुत सम्मानजनक तरीके से दिखाया गया।'' ज्योतिका ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, 'मैं फिल्म में एक स्टेनोग्राफर की भूमिका निभा रही हूं।

इस किरदार के लिए मुझे टाइपिंग और स्क्रीन के सामने लगातार काम करते हुए दिखना था। कई बार कैमरे में लैपटॉप का कीबोर्ड ही नजर नहीं आता था, इसलिए मेरा पूरा ध्यान टाइपिंग से ज्यादा अभिनय और भावनाओं को सही तरीके से दिखाने पर होता था।'' उन्होंने कहा, ''आज के समय में लगभग हर व्यक्ति मोबाइल, लैपटॉप और दूसरे गैजेट्स का इस्तेमाल करता है, इसलिए कंप्यूटर पर काम करना मेरे लिए नया अनुभव नहीं था। किरदार को वास्तविक दिखाने के लिए मुझे टाइपिंग स्पीड पर थोड़ा ध्यान देना पड़ा और उसी दौरान चेहरे के एक्सप्रेशन भी बनाए रखने होते थे।''



## अक्षय संग नहीं बनेगी Tees Maar Khan 2!

# फराह खान का बड़ा बयान करेगा हैरान

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म तीस मार खां के सीक्वल को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। फिल्ममेकर फराह खान इस कल्ट मूवी के दूसरे पार्ट की मेकिंग को लेकर पहले ही खुलासा कर चुकी हैं। बीच में ये खबर सामने आई थी कि वह अक्षय संग तीस मार खां 2 को नहीं बनाने जा रही हैं, बल्कि किसी और सुपरस्टार संग फराह इसे पूरा करेंगी। अब इस मामले को लेकर फराह खान की तरफ से बड़ा बयान सामने आया है और उन्होंने स्पष्ट किया है कि क्या वाकई तीस मार खां 2 किसी और के साथ बन रही है या नहीं।

### तीस मार खां 2 पर फराह खान का रिएक्शन

साल 2010 में प्रदर्शित फिल्म तीस मार खां में कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने अक्षय कुमार के साथ कटरीना कैफ और अक्षय खन्ना को निर्देशित किया था। फिल्म में अभिनेता और होस्ट मनीष पाल भी मेहमान भूमिका में थे। पिछले दिनों इस फिल्म की सीक्वल बनने की भी खबरें आईं, जिसमें दावा किया गया कि फराह, तीस मार खां की सीक्वल अभिनेता शाह रुख खान के साथ बना रही हैं।

## 9 साल बाद Bharti Singh और Harsh Limbachiyaa के रिश्ते में आई दरार? बोलीं-

# हम साथ नहीं रह सकते...



कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष हमेशा से ही क्यूट कपल्स की लिस्ट में आते हैं। अपनी बातों के अंदाज से भारती से बहुत लोगों का दिल जीता है। अपने यूट्यूब ब्लॉग्स के माध्यम से भारती अपनी लाइफ की अपडेट अपने फैंस को देती रहती हैं लेकिन हाल ही में कुछ ऐसा ब्यान सामने आया है, जिसकी वजह से हर जगह बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। अपने इस बयान में उन्होंने अपने और हर्ष के बारे में बात की है और कहा है कि अब मुझे इरिटेशन होने लगी है। ... तो चलिए जानते हैं क्या है पूरा मामला।

भारती सिंह ने अपने व्लॉग में बोला कि, ''दोस्तों अब मैं हर्ष के साथ नहीं रह सकती, ऐसी बहुत सी चीजें है जो मुझे अब परेशान करने लगी हैं। हर्ष की हरकतों की वजह से मुझे अब परेशानी होने लगी है और हम जल्द ही अलग होने का फैसला ले रहे हैं ''।

इसी के साथ उन्होंने कहा कि ऐसी ही बातें न्यूज चैनल वाले उनके बारे में चला रहे हैं, जो बहुत ज्यादा गलत है। लोग आज-कल व्यूज पाने के लिए कुछ भी बातें करने लग जाते हैं। भारती ने कहा है जो लोग ऐसी बातें करते हैं, वो बहुत ही फनी हैं, आप लोगों की ऐसी हरकतों की वजह से मुझे बहुत हंसी आती है। इसी के साथ भारती ने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए कहा है कि अलग ! शायद हम मर के भी अलग न हों। हम हमेशा से ही साथ थे और रहेंगे।



## सलमान खान ने अकेलेपन वाले बयान पर दी सफाई

# 'इतने लोगों के बीच मैं तन्हा कैसे महसूस कर सकता हूं'

अक्सर देखा जाता है कि लोग सेलिब्रिटीज के बयानों का अपनी सहूलियत के हिसाब से मतलब निकाल लेते हैं। ऐसा ही कुछ अभिनेता सलमान खान के साथ हुआ, जिस पर उन्हें खुद सफाई देनी पड़ी। सोमवार को अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए स्पष्ट किया कि अकेलेपन को लेकर दिया गया उनका बयान सिर्फ एक सामान्य विचार था, न कि उनकी असल जिंदगी या किसी व्यक्तिगत समस्या का संकेत। सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नोट साझा करते हुए लिखा, 'अरे यार, मैं अपने बारे में बात नहीं कर रहा था। मैं अकेला कैसे हो सकता हूं, जब मेरे पास इतना बड़ा परिवार और शानदार दोस्त हैं? मैं अकेलापन कैसे महसूस कर सकता हूं, जब मेरे पास आप लोग, आपकी शुभकामनाएं और दुआएं हैं? इतना सब होने के बावजूद अगर मैं फिर भी अकेला महसूस करूं, तो मैं दुनिया का सबसे बड़ा 'ना-शुक्रा' इंसान होऊंगा।'

अभिनेता ने आगे स्पष्ट करते हुए बताया कि कभी-कभी उनकी 'सोशल बैटरी' खत्म हो जाती है और वह लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं कर पाते। इसलिए वह कुछ समय अकेले बिताना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी लोगों के साथ रहकर मैं थक जाता हूं, इसलिए मुझे कुछ समय अकेले चाहिए होता है। लोगों ने इसे बड़ी खबर बना दिया। मम्मी पूछ रही हैं, 'क्या हुआ बेटा?' तुम बस चिल करो। बता दें कि इससे पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर अकेले होने और अकेलापन महसूस करने के बीच के अंतर को समझाते हुए एक पोस्ट किया था, जिसके बाद अभिनेता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। इसके बाद उन्हें अपनी बात स्पष्ट करने के लिए एक और पोस्ट करना पड़ा। अभिनेता जल्द ही फिल्म 'मातृभूमि' में नजर आएंगे। यह फिल्म मूल रूप से 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन देरी के कारण इसे आगे बढ़ा दिया गया है। इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह जून से लेकर अगस्त के बीच (संभावित स्वतंत्रता दिवस वीकेंड) सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।



# खुद की काबिलियत पर भरोसा करें महिलाएं : हुमा कुरैशी

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपना नया लुक शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने आज की भारतीय महिला की पहचान को लेकर एक बेहद दिलचस्प और दिल छू लेने वाली बात कही है। हुमा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस लेटेस्ट लुक की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वे ब्लैक कलर के खूबसूरत वनपीस आउटफिट में नजर आ रही हैं। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए एक आधुनिक भारतीय महिला होने का मतलब परफेक्ट होना नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों (संस्कृति) को छोड़े बिना अपनी मेहनत के दम पर दुनिया में धीरे-धीरे आगे बढ़ना है। खुद को बदले बिना दुनिया में अपनी एक अलग और नई पहचान बनाना ही सबसे बड़ी खूबी है।' हुमा ने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए लिखा, 'जीवन में मुश्किलों से डरने के बजाय उन्हें अपनी असली ताकत बनाना चाहिए। अपने सपनों को खुलकर और खूबसूरती से जीना जरूरी है। जब आप किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंचें, तो आपके मन में यह पक्का विश्वास होना चाहिए कि आप यहां सिर्फ अपनी किस्मत के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत के दम पर पहुंची हैं।'

अभिनेत्री ने आखिर में लिखा कि हर महिला को हमेशा पूरी सच्चाई और आत्मविश्वास के साथ अपनी जिंदगी जीनी चाहिए। उन्होंने लिखा, 'जिंदगी में जब भी कोई नया मोड़ आए, तो उसे अपनी सकारात्मकता से खास बना देना चाहिए। फिर मिलेंगे कान्स में। अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नजर आएंगी। यश की इस बहुचर्चित पीरियड गैंगस्टर ड्रामा फिल्म में अभिनेत्री 'एलिजाबेथ' का किरदार निभा रही हैं। गीतु मोहनदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में उनका लुक बेहद रहस्यमयी और शाही है। यह फिल्म 1940 से 1970 के दशक के बीच के गोवा पर आधारित एक डार्क गैंगस्टर ड्रामा है। इसमें क्राइम सिंडिकेट, ड्रग तस्करी और सत्ता की लड़ाई दिखाई जाएगी। फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मणी वसंत भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।



# सोनाक्षी ने बताया कैसे बदला उनका फिल्मी सफर

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने करियर में कई अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म 'सिस्टम' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने आईएएनएस से अपने फिल्मी सफर, पुराने किरदारों और बदलती पसंद के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि समय के साथ न सिर्फ उनके काम करने का तरीका बदला, बल्कि अब वह अपने रोल्स को पहले से ज्यादा सोच-समझकर चुनती हैं। आईएएनएस से बात करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने अपने शुरुआती दौर की फिल्मों को याद किया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा था, तब मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा थी जो कलरफुल, मनोरंजन से भरपूर और पूरी तरह मसाला अंदाज की होती थीं। 'आर. राजकुमार' और 'राउडी राठौर' जैसी फिल्मों में काम करके काफी मजा आया। उस समय मैं अपने करियर के ऐसे दौर में थी, जहां दर्शक मुझे उसी अंदाज में देखना पसंद करते थे।''

## हजरत दाता पीर बख्श शाह का दो दिवसीय उर्स शुरू, आज जलसा, कल कव्वाली कार्यक्रम





मेट्रोरेज संवाददाता

**पलामू :** हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक हजरत दाता पीर बख्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स की तैयारी पूरी हो चुकी है, उर्स कमिटी के सचिव जनाब आरजू खान ने बताया की उर्स के पहले दिन 23 मई को जलसा कार्यक्रम आयोजित की गई है जिसमें हिंदुस्तान के नामचीन मौलाना व उलमा शामिल होंगे, शनिवार की शाम सरकारी दाता पीर बख्श के मजार पर चादरपोशी के साथ उर्स की शुरूआत होगी, वही 24 मई को कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल बाबू गुलाम साबरी वा कव्वाला तनवीर इंडियम के बीच शानदार मुकाबला होगा, उन्होंने कहा की पिछले 25 वर्षों से हैदरनागर थाना क्षेत्र के बलडिहारी गांव निवासी इब्राहिम सेठ के सौजन्य से कव्वाली कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेर अली, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती सम्मानित अतिथियों द्वारा कव्वाली कार्यक्रम का उद्घाटन किया जायेगा। उर्स को लेकर मजार को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है, पूरे परिसर में लाइट की व्यवस्था की गयी है, कार्यकम को सफल बनाने में उर्स कमिटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, संयोजक इब्राहिम सेठ, संरक्षक डॉक्टर एजाज आलम।, मुखिया नवाजिश खान,मुस्लिम खान, इसरार खान, जुल्फिकार अली, अफरोज आलम, बाबर आलम, मुमताज खान,अकरम खान, बब्लू हुसैन, असगर खान, सद्दाम खान, जाहिद खान, शहंशाह खान, हीरू खान।घीनू प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अखिलेश समेत कई लोग के नाम शामिल है।

# अंडर-18 महिला हॉकी एशिया कप के लिए सिमडेगा की दो बेटियों का भारतीय टीम में चयन

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगाः** हॉकी प्रतिभाओं की धरती सिमडेगा ने एक बार फिर अपनी पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है। हॉकी इंडिया द्वारा घोषित महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 के लिए भारतीय टीम में सिमडेगा की दो होनहार खिलाड़ियों संदीपा कुमारी और पुष्पा मांझी का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी वर्तमान में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं और आगामी 29 मई से जापान के काकामिगाहारा में आयोजित होने वाले एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सिमडेगा जिले के करंगागुड़ी नवाटोली (रसई क्षेत्र) की रहने वाली संदीपा कुमारी भारतीय टीम में फॉरवर्ड के रूप में शामिल की गई हैं। संदीपा सीनियर भारतीय महिला





हॉकी खिलाड़ी संगीता कुमारी की छोटी बहन हैं। उल्लेखनीय है कि संगीता ने वर्ष 2016 में अंडर-18 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। अब संदीपा उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उनके माता-पिता रंजीत मांझी एवं लखमनी देवी कृषक हैं।

वहीं आसनबेडा कुसुम टोली (कुरडेग प्रखंड) की निवासी पुष्पा मांझी का चयन भारतीय टीम में मिडफील्डर के रूप में हुआ है। अपनी बेहतरीन फिटनेस, खेल दृष्टि और मिडफील्ड नियंत्रण के कारण उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। उनकी माता हीरामुनी देवी कृषि कार्य से जुड़ी हैं तथा पिता देवेंद्र मांझी रोजगार के लिए राजस्थान में कार्यरत हैं।

दोनों खिलाड़ी झारखंड सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र, सिमडेगा की प्रशिक्षु हैं। कोच तारिणी कुमारी के मार्गदर्शन में वर्षों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है कि आज दोनों खिलाड़ी भारतीय टीम की जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि संदीपा और पुष्पा की सफलता जिले की अन्य बेटियों एवं युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा यह सिमडेगा की खेल संस्कृति और खिलाड़ियों की मेहनत का प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने भोपाल में एक माह के विशेष प्रशिक्षण शिविर तथा ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध चार मैचों की श्रृंखला के माध्यम से अपनी तैयारियां पूरी की हैं। टीम ने अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से पराजित कर अपना मनोबल भी मजबूत किया है।

सिमडेगा की इन दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन पर जिले भर में हर्ष का माहौल है। जिला प्रशासन, खेल विभाग, हॉकी झारखंड, हॉकी सिमडेगा तथा जिले के खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारतीय टीम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

सिमडेगा की बेटियां अब जापान की धरती पर तिरंगे की शान बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जो जिले सहित पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है।

## प्रचंड गर्मी को देखते हुए डालसाा ने स्टॉल लगाकर किया शीतल जल व ओआरएस का वितरण

ज्योति पाठक



**चाईबासा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शाकिर एवं प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए लू (हीट वेव) से राहत दिलाने के उद्देश्य से राहगीरों और जरूरतमंदों को 90 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के दौरान शीतल पेय जल एवम डफ्र उपलब्ध कराया गया।

साथ ही जरूरी एवं महत्वपूर्ण कानूनी संबंधित अधिनियमों से अवगत भी कराया गया।

विधिक जागरूकता के लिए कानूनी जानकारी के पर्चे (हैंडबिल) भी वितरित किए गए। लोगों से अपील की गई कि प्रचंड गर्मी में आवश्यक काम के न होने पर घर से ना निकले और धूप में अगर जाना ही पड़े तो शरीर को पूरी तरह ढक ले, पानी या ओआरएस का गोल पीते रहे गर्मी से राहत दिलाने वाले फल फ्रूट तरबूज खीरा ककड़ी नींबु सत्तू आदि का सेवन करें, खाली पेट ना रहे। लू लगने पर अस्पताल जाकर उचित दवाई और परामर्श जरूर ले।

इस अवसर पर पीएलवी हेमराज निषाद पीएलवी आशिमा चटर्जी पीएलवी जया कुमारी रवि पीएलवी सोमा बॉस पीएलवी सुजाता गोप पीएलवी चुमरु देवगम पीएलवी राखी चातर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय के कला प्रेक्षागृह में ज्ञानोत्सव का आयोजन

### शिविर में 150 तैयार कलाकृतियां प्रदर्शित की गयी

संवाददाता

**चरपोखरीः** आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी, भोजपुर के कला प्रेक्षागृह में ज्ञानोत्सव ( लर्निंग फेस्टिवल) आयोजित किया गया। तीन दिनों तक कला गतिविधि शिविर में तकरीबन तैयार 150 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। अलग-अलग कला,लोक कला भोजपुरी कोहबर लेखन,पीडिया लेखन, मधुबनी पेंटिंग, मंजुषा पेंटिंग,टिकूली कला के साथ साथ हैंडीक्राफ्ट छात्राओं द्वारा सृजित किया गया था। कार्यक्रम समन्वयक व चित्र मूल्यांकन का कार्य अंग्रेजी शिक्षिका अर्पिता यादव, गृहविज्ञान शिक्षिका,पींकी कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका रविनंदनी, अंशिका कुमारी ने मिलकर सामूहिक रूप से किया। कला गैलरी का उद्घाटन प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय की छात्राओं में रचनाधर्मिता और एक खास तरह का प्रभावी प्रतिभा है। विद्यालय प्रबंधन इस तरह का शैक्षणिक कलात्मक माहौल विद्यालय में हमेशा बरकरार



रखेगा। कला गैलरी में 50 प्रोजेक्ट क्राफ्ट और 150 लोक और आधुनिक कला को एक साथ प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम के दूसरे कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी हुआ। वरिष्ठ संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने कला शिविर में समूह गीत और समूह नृत्य की तैयारियां करवाया था। छात्राओं ने काफी कसी हुई प्रस्तुति से आयोजन को और सारगर्भित और कलात्मक बना दिया। गीत संगीत नृत्य तीनों विधाओं में काफी सराहनीय प्रस्तुतियां छात्राओं द्वारा किया गया। मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल कुमारी, युवा शिक्षिका अंशिका कुमारी, गणित शिक्षक सुकेश कुमार ने कला गैलरी का अवलोकन करते हुए कहा कि छात्राओं द्वारा सृजित चित्र अपने सहज भावना को लेकर काफी कलात्मक है। कला में मौलिक आत्मविश्वास साफ दिख रहा है जो कला गैलरी को शीर्ष बना रहा है। कार्यक्रम का विधिवत संचालन व संयोजित किया था चित्रकार कला शिक्षक रौशन राय ने। अपने संचालन क्रम में कहा ज्ञानोत्सव लर्निंग फेस्टिवल छात्राओं में कला कौशल विकास के लिए हैं। हम जिस तरह का शैक्षणिक रचनात्मक समझ विकसित करना चाह रहे हैं,इस कला शिविर में दिख रहा है। कार्यक्रम को तकनीकी मजबूती दिए थे युवा शिक्षक शुभांशु शर्मा, निरज कुमार ने। पूरे आयोजन को एक सूत्र में बंधे रखने में कलात्मक सहयोग किया था शिक्षिका रिंकी कुमारी, शिक्षिका रविनंदनी, अर्पिता यादव, रिंकल कुमारी, अंशिका कुमारी ने। शिक्षिकाओं का वैचारिक और शैक्षणिक रचनात्मक सहयोग से यह आयोजन अपने मुल कला के साथ शीर्ष बन पाया। इस अवसर पर तकरीबन 25 छात्राओं को सम्मानित किया गया। नंदनी कुमारी,शीवानी कुमारी, मुस्कान कुमारी, रागिनी कुमारी,किरण कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, खुशी कुमारी, अंजली कुमारी, सोनम कुमारी, अंजली कुमारी, साक्षी कुमारी, सृष्टि कुमारी, रूचि कुमारी अति सुन्दर को अलग-अलग कला विधा में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने दिया। चर्चिल टैगोर मिना देवी के साथ इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सम्मानित सदस्य के साथ छात्रा शिक्षक अभिभावक सभी मिलकर आयोजन को सराहा।

## अपराध नियत्रंण को लेकर चलाया जा रहा है विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**सिमडेगाः** पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुरक्षा-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया और लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुरडेग, महबूआंग, बोलवा, थाना एवं ओड़गा ओ०पी० क्षेत्र में सघन वाहन जांच एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई।चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों द्वारा आने-जाने वाले वाहनों की जांच, आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाते रहने एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रहे।

## जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त प्रगणकों - पर्यवेक्षकों के बीच किट का वितरण

**बंदगांव:बंदगांव** मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार एवं कराईकेला में जनगणना 2027 को लेकर बीडीओ भीषम कुमार ने जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के बीच जनगणना किट का वितरण किया । मौके पर बीडीओ ने बताया कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, परिवार, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों का संग्रह किया जाता है। जनगणना के आंकड़े सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं।बताया गया कि जनगणना का प्रारंभिक कार्य वर्ष 2026 के अंतिम चरण से शुरू होकर वर्ष 2027 तक चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा। इसके तहत प्रगणक घर-घर जाकर लोगों से आवश्यक जानकारी संग्रहित करेंगे। सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को अपने कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जिम्मेदारीपूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया गया।साथ ही आम लोगों से भी जनगणना कार्य में सहयोग करने तथा सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की गई।

### गुटबहार पंचायत कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक संपन्न

## पेसा नियमावली ,वन अधिकार कानून व जनगणना 2027 पर हुई चर्चा



संवाददाता

**सिमडेगाः** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत गुटबहार पंचायत कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, नीति-सिद्धांत और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान विधायक ने वन अधिकार कानून, पेसा नियमावली 2025 एवं भारत की जनगणना 2027 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकताओं और ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए इन कानूनों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना आवश्यक है। साथ ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और संगठन सृजन को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।कार्यक्रम में वर्तमान केंद्र सरकार एवं भाजपा-आरएसएस की जनविरोधी नीतियों को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीणों के हित में कार्य करती रही है तथा आगे भी जनता की आवाज उठाती रहेगी।बैठक में झारखंड सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने भी लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। बैठक में पंचायत क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### विधिक जागरूकता अभियान

## सड़क और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन आवश्यकः सचिव

### डॉन योजना के अंतर्गत नशापान के दुष्परिणामों की दी गई जानकारी

संवाददाता

**चाईबासा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए पश्चिम सिंहभूम

मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में प्राधिकार द्वारा 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोनुआ प्रखंड के सिलफोड़ी पंचायत में ग्रामीणों के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्हें बाल श्रम और बाल सुरक्षा संबंधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी प्रदान की, उन्होंने बताया कि कम उम्र के बच्चों को श्रम संबंधित कार्यों में नियोजित करना न सिर्फ सामाजिक रूप से अस्वीकार्य है बल्कि यह कानूनन अपराध भी है, ऐसे में उनका स्वाभाविक विकास बाधित होता है और वह मानसिक रूप से भी तैयार नहीं होते और उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अभी पढ़ने लिखने की और उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए अध्ययन पर ध्यान देने का उचित समय होता है, अतः ऐसी सामाजिक बुराइयों से बचना चाहिए, यदि माता-पिता नियोजक या अभिभावक ऐसा करने को बाध्य करते हैं तो उन्हें समझाना चाहिए यह दंडनीय अपराध है।



**बाल तस्करी संगीन अपराधः अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के सचिव अंकित कुमार सिंह ने उपस्थित जन समूह को :** बाल मानव तस्करी के विषय में बताते हुए सचेत किया कि बड़े शहरों में काम मिलने का लोक लुभावना आडंबर दिखाकर बाल तस्कर या मानव तस्कर लोगों को प्रभावित करते हैं परंतु बड़े शहरों में उनका न सिर्फ शारीरिक और. मानसिक शोषण होता है बल्कि आर्थिक रूप से भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिल पाता, ऐसे प्रलोभनों से सावधान रहना चाहिए और यदि कोई ऐसा करे तो उसके विरुद्ध डालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर, चाइल्डलाइन 1098 पर और 100 या 112 पर पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए, प्राधिकार का सदैव प्रयास है कि ऐसे अप्रिय स्थिति को जन जागरूकता के माध्यम से समाप्त किया जा सके।

**सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के तरीके बताए गए :** उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से प्रति आगाह करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया, इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक सिग्नलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क के किनारे लगाए गए ऐसे चिन्ह राहगिरो की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत होते हैं जिसका अनुपालन अवश्य करना चाहिए सड़क में की गई सुरक्षा न सिर्फ आपको बल्कि दूसरों के लिए भी सुरक्षित वातावरण का निर्माण करती है उन्होंने इन अभियान की और प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की और किसी भी समस्या के लिए प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क करने का सलाह प्रदान किया

**डॉन योजना की दी जानकारीः सचिव श्री चौधरी ने डॉन योजना के तहत :** लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में यहां आना हुआ उन्होंने मादक द्रव्यों के सेवन के कानूनी परिणामों ( एनडीपीएस अधिनियम के तहत) पर प्रकाश डाला और इससे बचने की सलाह दी उन्होंने कहा कि

यह योजना मादक द्रव्यों के सेवन के पीड़ितों, उनके परिवारों और सहायता के जरूरतमंद कारावास के बंदियों लिए तैयार की गई है। इसके तहत कानूनी सेवा, परामर्श, पुनर्वास सहायता और समाज में पुनः एकीकरण में सहायता प्रदान किया जाता है।यह योजना जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है और पीड़ितों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता की उपलब्धता को बढ़ावा दिया जाता है।

**साइबर फ्रॉड से बचाव की दी गई जानकारीः** श्री सिंह ने सचेत करते हुए कहा कि आजकल हम फोन, टैबलेट और गेम्स पर बहुत एक्टिव रहते हैं। इसीलिए साइबर फ्रॉड से सावधान रहना बेहद जरूरी है ये सूत्र बचाव के लिए जरूरी हैंः

**1। ओटीपी या पासवर्ड कभी साझा न करें :** बैंक ओटीपी, गेम का पासवर्ड, इंस्टा/फ्री फायर आईडी का पासवर्ड किसी को न बताएं। असली कंपनी कभी ओटीपी नहीं मांगती।

- अनजान लिंक पर क्लिक न करें
- कुछ गलत लगे तो तुरंत बताएं किसी ने धमकी दी, ब्लैकमेल किया, या आपसे गलती से पेमेंट हो गई तो डरें नहीं बल्कि तुरंत बताएं। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर सकते हैं।
- सुरक्षा के सूत्र प्रदान किए गए खुलकर बात करें हफ्ते में एक बार बच्चे से पूछें कि ऑनलाइन क्या नया देखा।

उन्होंने अंत में कहा कि साइबर फ्रॉड से डरना नहीं है, समझदार बनना है। अगर सावधानी रखेंगे तो इंटरनेट सबसे अच्छा दोस्त साबित हो सकता है।

इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों सहित अधिकार मित्र राज शेखर रवानी, अरुण विश्वकर्मा भी उपस्थित थे।